
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 76 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, बुधवार 23 सितम्बर 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



आज लोकतंत्र को सम्हालने वालों को तैयार करने वालों की आवश्यकता है जो इस भारत के लोकतंत्र को सही दिशा प्रदान कर सकें।

Today we need such people who can prepare defenders of democracy who in turn can give right derection to Indian democracy.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# माताओं-बहनों का सम्मान-सशक्तिकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम

- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निवास पर आयोजित तीज मिलन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री श्री साय
- महतारी वंदन योजना से 68 लाख से अधिक माताओं-बहनों को हर माह मिल रहा आर्थिक संबल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निवास पर आयोजित तीज मिलन समारोह में शामिल हुए। पारंपरिक उल्लास और आत्मीय वातावरण में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने माताओं-बहनों से भेंट कर उन्हें तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं में मातृशक्ति का विशेष स्थान है। माताओं-बहनों का सम्मान, उनकी सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तीज का पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और आत्मीय रिश्तों से जुड़ा हुआ है। भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना का यह पर्व परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना का अवसर है। उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती से प्रदेश की सभी माताओं-बहनों और उनके परिवारों के सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीज का पर्व भले ही संपन्न हो चुका है, लेकिन आज इतनी बड़ी संख्या में माताओं-बहनों के बीच तीज मिलन का अवसर अत्यंत सुखद और आत्मीय है। मुख्यमंत्री निवास में भी तीज के अवसर पर प्रदेशभर से आई बहनों के साथ पर्व का उल्लास साझा करने का अवसर मिला था। हमारी परंपराओं की यही खूबसूरती है कि वे हमें परिवार और समाज से जोड़ती हैं तथा आपसी प्रेम और आत्मीयता को मजबूत करती हैं।

सनातन संस्कृति में मातृशक्ति को मिला है सर्वोच्च सम्मान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में आदिकाल से मातृशक्ति को सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। हमारे वेदों, पुराणों और सामाजिक परंपराओं में नारी के सम्मान और उसकी गरिमा का संदेश निहित है। हमारी संस्कृति कहती है - यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:, अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मां परिवार की पहली शिक्षक और संस्कारों की आधारशिला होती है। माताओं-बहनों के परिश्रम, त्याग और आशीर्वाद से ही परिवार मजबूत होता है और मजबूत परिवार से सशक्त समाज तथा समृद्ध प्रदेश का निर्माण होता है। इसलिए राज्य सरकार महिलाओं को केवल योजनाओं का हितग्राही नहीं, बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में बराबर का सहभागी मानकर कार्य कर रही है।

महतारी वंदन योजना ने बढ़ाया बहनों का आत्मविश्वास

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना प्रदेश की माताओं-बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बनी है। योजना के अंतर्गत 68 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि सीधे अंतरित की जा रही है। अब तक 31 किस्तों के माध्यम से 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि हितग्राही महिलाओं के खातों में पहुंचाई जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि इस योजना से माताओं-बहनों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव उन्हें विशेष संतोष देता है। बहनें इस राशि का उपयोग अपनी और परिवार की आवश्यकताओं के साथ बच्चों की पढ़ाई, बचत और छोटे-छोटे स्वरोजगार के लिए भी कर रही हैं। कोई बहन सुकन्या समृद्धि योजना में राशि जमा कर बेटी का भविष्य संवार रही है तो कोई सिलाई मशीन खरीदकर अपने हुनर को आजीविका में बदल रही है। यह आर्थिक संबल महिलाओं के आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को भी मजबूत कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश की प्रत्येक महिला को आगे बढ़ने के लिए अवसर, संसाधन और आवश्यक सहयोग मिले। जब हमारी माताएं-बहनें आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, तो परिवार मजबूत होगा और पूरे प्रदेश की प्रगति को नई गति मिलेगी।

# भारत ने एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर रचा इतिहास

- श्रीलंका को फाइनल में 147 रनों से पीटा



**निशिन।** निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में भारतीय महिला टीम और श्रीलंका के बीच एशियन गेम्स 2026 का फाइनल मैच खेला गया। इस मैच को 147 रनों से जीतकर टीम इंडिया ने इस एशियन गेम्स में पहला गोल्ड मेडल जीता। वहीं श्रीलंका को सिल्वर मेडल मिला। इससे पहले पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था। फाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को रनों से एकतरफा अंदाज में हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिला टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 216 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका महिला टीम 15.4 ओवर में 69 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। यह टी20 इंटरनेशनल में भारतीय महिला टीम की रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है।

**मंधाना और ऋचा घोष ने खेली बेहतरीन पारी**

एशियन गेम्स के फाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका के सामने 217 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा। भारत की शुरुआत बेहद शानदार रही और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना व शेफाली वर्मा ने पहले विकेट के लिए 99 रनों की बेहतरीन साझेदारी की। मंधाना ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 45 गेंदों में 5 चौके और 7 छक्कों की मदद से 79 रनों की तूफानी पारी खेली। शेफाली वर्मा अपने अर्धशतक से चूक गईं और 48 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर 19 रन ही बना सकीं। इसके बाद ऋचा घोष ने तेजी से रन बनाते हुए टीम को 200 के पार पहुंचाया। उन्होंने 22 गेंदों में नाबाद 49 रन बनाए और भारती के साथ मिलकर 53 रन जोड़े। इस तरह भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट खोकर 216 रन बनाए, जो वुमेंस एशियन गेम्स के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बन गया।

**महिला क्रिकेट टीम को पीएम मोदी ने दी बधाई**



प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, भारतीय क्रिकेट की शानदार जीत! एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने पर हमारी महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत बधाई। खेलों में टीम का प्रदर्शन जबरदस्त रहा, जिसमें आत्मविश्वास, कौशल और बेहतरीन टीम वर्क देखने को मिला। इस जीत के साथ ही भारत को इन खेलों में अपना पहला गोल्ड मेडल भी मिला है। टीम ने देश का मान बढ़ाया है और ये जीत देश भर के अनगिनत युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करेगी। पूरी टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# रायपुर-अंबिकापुर-वाराणसी के बीच जल्द शुरू हो सकती है फ्लाइट

- एलायंस एयर ने डीजीसी को भेजा शेड्यूल, दिल्ली फ्लाइट में कटौती, विधायक बोले-चार दिन चलाएं फ्लाइट



**रायपुर (विश्व परिवार)।** एलायंस एयर रायपुर से अंबिकापुर होकर वाराणसी के लिए जल्द हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी में है। कंपनी ने इसके लिए विंटर फ्लाइट शेड्यूल ष्ठत्रष्ट को भेजा है। प्रस्तावित सेवा सप्ताह में दो दिन संचालित की जा सकती है। इसके अलावा एक दिन रायपुर-अंबिकापुर होकर रांची या पटना के लिए भी फ्लाइट शुरू करने की तैयारी है। अंबिकापुर से हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने की कोशिश के बीच एलायंस एयर ने पहले बिलासपुर-अंबिकापुर-दिल्ली और कोलकाता के लिए सेवा शुरू की थी। यात्रियों की कमी के कारण कोलकाता फ्लाइट बंद हो चुकी है। वर्तमान में दिल्ली के लिए फ्लाइट सप्ताह में दो दिन सोमवार और बुधवार को चल रही है। विंटर शेड्यूल में इसे एक दिन करने की चर्चा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। कोलकाता सेवा बंद होने के बाद रायपुर से अंबिकापुर होकर वाराणसी के लिए हवाई सेवा शुरू करने की तैयारी की गई है।

# नंदीग्राम उपचुनाव लड़ सकेंगे कांग्रेस उम्मीदवार

- कलकत्ता हाईकोर्ट बोला- जमानत मिले तो सरकार चुनाव लड़ने दे



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल सरकार के वकील से कहा कि जमानत मिलने पर कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को चुनाव लड़ने दिया जाए। मामले की सुनवाई जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने की। मिलन प्रधान नंदीग्राम उपचुनाव में उम्मीदवार हैं। प्रधान पर 11 केस दर्ज हैं। उन्हें 5 मामलों में गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल वे जेल में हैं। हल्दिया सब-डिविजनल कोर्ट ने उन्हें 19 सितंबर को 4 मामलों में 3 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा था। ये मामले 2007 के नंदीग्राम से जुड़े हैं। इसके बाद 21 सितंबर को कांथी कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के करीब दो दशक पुराने मामले में उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नंदीग्राम उपचुनाव की वोटिंग 6 अक्टूबर को है, प्रचार 4 अक्टूबर को खत्म होगा और वोटों की गिनती 9 अक्टूबर को होगी। दोनों निचली अदालतों के आदेशों से प्रधान के लिए खुद प्रचार करने का मौका लगभग खत्म हो गया है। वे तभी प्रचार कर सकेंगे, जब उन्हें जमानत मिल जाएगी। प्रधान के वकील ने कहा कि उन्हें 18 सितंबर को गिरफ्तार किया गया। उनके वकील अयान भट्टाचार्य ने कहा था कि वह कांथी कोर्ट के आदेश को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती देंगे।

# धार्मिक कारणों से वंदेमातरम न गाना अपराध नहीं : सुप्रीम कोर्ट

- याचिकाकर्ता बोला- इसमें हिंदू देवताओं का जिक्र, केंद्र ने 47 दिन पहले कानून बनाया था



**नई दिल्ली।** वंदे मातरम गीत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा, 'धार्मिक कारणों से राष्ट्रगीत न गाने वाले व्यक्ति को आपराधिक कार्रवाई का सामना नहीं करना चाहिए।' कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने यह देखने पर सहमति दी कि वंदे मातरम न गाने को दंडनीय अपराध बनाया जा सकता है या नहीं। कोर्ट ने यह तय करने से इनकार किया कि राष्ट्रगीत केवल दो अंतरों तक सीमित रहेगा या छह अंतरों तक होगा। कानून में वंदे मातरम के गायन को रोकने या गायन में जानबूझकर बाधा डालने को अपराध बनाया गया है।

यह सुनवाई गायक टीएम कृष्णा की याचिका पर हुई। न्यूज एजेंसी क्कञ्जढ्ढ के मुताबिक, याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अंतिम चार पैरा हिंदू देवताओं के प्रति भक्ति का आह्वान करते हैं। इन पैराग्राफ को गाना अनिवार्य बनाना देश के धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन है। वंदे मातरम को कानून के दायरे में लाने वाला संशोधन बिल 29 जुलाई को राज्यसभा और 30 जुलाई को लोकसभा से पास हुआ था। इसके बाद 6 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने पर यह कानून बन गया। आज इसे बने 47 दिन हो चुके हैं। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि वंदे मातरम से जुड़े कानून की व्याख्या करते समय 1986 के 'बिजो इमैनुअल' फैसले में तय सिद्धांतों को लागू किया जाएगा।

# पाकिस्तान में पेट्रोल 1000 रुपए तक पहुंच सकता है: मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 1,000 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच सकती है। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने रविवार को कहा कि अगर देश में पेट्रोल की कमी हुई तो कीमत और बढ़ सकती है। मंत्री के मुताबिक, पाकिस्तान में पेट्रोल अब तक करीब 50% महंगा हो चुका है। फिलहाल पेट्रोल 389 पाकिस्तानी रुपए प्रति लीटर और डीजल 424 रुपए प्रति लीटर है। अगर पेट्रोल की कीमत 1,000 पाकिस्तानी रुपए प्रति लीटर तक पहुंचती है, तो भारतीय मुद्रा में यह करीब 346 प्रति लीटर होगी। मिडिल ईस्ट में लड़ाई के चलते दुनिया में कच्चे तेल की कीमत बढ़ रही है। जंग 28 फरवरी को शुरू हुई थी। उस दिन पाकिस्तान में पेट्रोल 258.17 रुपए प्रति लीटर था। तब से इसमें 131 रुपए का इजाफा हो चुका है, जो कि करीब 51 फीसदी है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण

- ट्रम्प की ईरान को धमकी-समझौता करो, वरना तबाह कर देंगे



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण दिया गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका पहले से ज्यादा ताकतवर हुआ है। ईरान जंग शुरू करने वाले ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने शांति कायम की है। ईरान से लड़ाई लगभग खत्म हो चुकी है। उनका मकसद परमाणु हथियार बनाने से रोकना था। लूला ने कहा कि दुनिया में नेतृत्व की बड़ी कमी है। उन्होंने कहा कि ह्व के बाकी देश सुरक्षा परिषद के कुछ ताकतवर देशों के फैसलों से बंधे हुए हैं। अमेरिका, चीन और रूस जैसे देशों के पास बड़े प्रस्तावों को रोकने की ताकत है। ट्रम्प ने ईरान को खत्म करने की सीधी धमकी दी है। उन्होंने कहा, मेरे सामने एक बड़ा फैसला है। अमेरिका के पास दो रास्ते हैं- ईरान के साथ समझौता करना या उसे खत्म कर देना। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें यह काम जल्दी करना, ताकि उसे फिर से लोगों और देशों को नुकसान पहुंचाने का मौका न मिले। ट्रम्प ने अपने भाषण की शुरुआत अमेरिका की आर्थिक और सैन्य ताकत गिनाने से की। उन्होंने कहा, हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया के लिए मिसाल है। हमारी सेना दुनिया में सबसे ताकतवर है। हमारी तकनीक का कोई मुकाबला नहीं है और हम लगभग हर क्षेत्र में आगे हैं। उन्होंने शेयर बाजार में आई तेजी का भी जिक्र किया। ट्रम्प ने अपनी पुरानी बात दोहराते हुए कहा, दो साल पहले हमारा देश खत्म हो रहा था, लेकिन अब दुनिया का सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाला देश है।

# महत्वकांक्षी दल्लीराजहरा-रावघाट नई रेल लाइन परियोजना पूर्ण

- रेलखंड पर रेल संरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व परिमण्डल, कोलकाताः सुमीत सिंघल द्वारा रेल निरीक्षण एवं गति परीक्षण संपन्न






**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल अंतर्गत दल्लीराजहरा-रावघाट नई रेल लाइन परियोजना के ताड़ोकी-रावघाट सिंगल लाइन विद्युतीकृत ब्रॉडगेज सेक्शन का निरीक्षण रेल संरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व परिमण्डल, कोलकाता श्री सुमीत सिंघल द्वारा कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) द्वारा किया गया।

कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी दिनांक 22 सितम्बर 2026 को सीआरएस स्पेशल ट्रेन द्वारा ताड़ोकी से रावघाट सेक्शन का निरीक्षण किया रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) श्री सुमीत सिंघल द्वारा गति परीक्षण (स्पीड ट्रायल) भी संपन्न किया गया। इस अवसर पर श्री मुदित भटनागर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) मुख्यालय बिलासपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर श्री दयानंद, रेल विकास निगम लिमिटेड से सरोज कांता पात्रा, पीईडी ईस्ट-आरवीएनएल, भावेश पांडे-सीपीएम/आरवीएनएल/ रायपुर कन्हैया गोयल/ एजीएम/ आरवीएनएल/रायपुर सहित संबंधित वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा किया गया निरीक्षण एवं गति परीक्षण नई रेल लाइन के कमीशनिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इस दौरान रेल लाइन, पुल-पुलियों, विद्युतीकरण, सिग्नलिंग एवं अन्य संरक्षा तथा तकनीकी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निर्धारित प्रक्रिया के तहत रेलखंड की परिचालन क्षमता एवं संरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया। बहुप्रतीक्षित दल्लीराजहरा रावघाट रेल परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। वर्तमान में दल्लीराजहरा से ताड़ोकी तक यात्रियों को रेल की सुविधा मिल रही है।

ताड़ोकी - रावघाट सेक्शन में ट्रेन परिचालन से आसपास के क्षेत्रों की रेल कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन के बेहतर एवं सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध होंगे। इस रेल लाइन के माध्यम से कृषि उत्पादों एवं स्थानीय व्यापारिक वस्तुओं के परिवहन को सुगमता मिलेगी, नई रेल लाइन ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों को व्यापक रेल नेटवर्क से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

बेहतर रेल संपर्क से नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं व्यापार से जुड़े अवसरों तक पहुंचने में सुविधा होगी। साथ ही, रेल परिवहन के विस्तार से क्षेत्र में पर्यटन, निवेश तथा अन्य आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी।

# नेशनल फिल्म अवॉर्ड में कार्तिक-यामी बेस्ट एक्टर-एक्ट्रेस

- केजीएफ अभिनेता को दादासाहेब फाल्के।
- 72 साल में प्राइज मनी, 5 हजार से 3 लाख हुई।



**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' और ममूटी को 'ब्रह्मयुगम' के लिए 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर का पुरस्कार दिया गया। यामी गौतम को 'आर्टिकल 370' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। सेरेमनी गुजरात के एकता नगर (केवडिया) में मंगलवार को हुई। विजेताओं की घोषणा 18 जुलाई को हुई थी। 'श्रीकांत' को बेस्ट हिंदी फिल्म और 'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड मिला। तमिल स्टार धनुष को दो कैटेगरी में नेशनल अवॉर्ड दिया गया। एक्टर अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड 2024 दिया गया। उन्होंने कन्नड़, तेलगु और हिंदी समेत 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा- मैं चाहूंगी कि प्रत्येक ज्यूरी पैनल में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। फिल्म कलाकार बहुत लोकप्रिय होते हैं, उनमें देशवासियों विशेषकर युवाओं को प्रभाविक करने की क्षमता होती है। मैं ये अनुरोध करना चाहूंगी कि लोकप्रिय कलाकार स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थों का एंडोर्समेंट न करें। स्टार वही है, जो रोशनी फैलाए, अंधेरा नहीं। सम्मान मिलने के बाद अनंत नाग बोले- एक एक्टर के तौर पर आपने मेरी परफॉर्मेंस देखी है। मैंने बचपन के 12 साल आश्रम में गुजारे। इसके बाद मुझे मुंबई भेजा गया, जहां मुझे प्ले चैतन्य महाप्रभु में एक्टिंग का मौका मिला। उस समय करियर क्या होता है किसी को नहीं पता था। पापी पेट के लिए करियर शुरू किया और फिर 5 सालों में 50 प्ले किए। आखिरी 50 साल मुझे कई अलग भाषाओं की फिल्मों में काम करने के लिए बुलाया गया। मैंने दूसरी भाषाओं की भी फिल्में कीं, लेकिन कर्नाटक और कन्नड़ फिल्मों में मुझे सबसे बड़े मौके मिले। अवॉर्ड मिलने के बाद कार्तिक आर्यन ने भास्कर से कहा- मैं बहुत खुश हूं, पूरी फैमिली के साथ हूं, बहुत इमोशनल मूमेंट है।

# विधायक पुरन्दर मिश्रा के नेतृत्व में 25 सितंबर से रायपुर में पदयात्रा सप्ताह

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्ष के सेवा संकल्प को साकार करने अभियान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्ष के सेवा संकल्प को साकार करने तथा जनसेवा और जनजागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा के नेतृत्व में 25 सितंबर से 2 अक्टूबर 2026 तक ÷पदयात्रा सप्ताह÷ का आयोजन किया जा रहा है। आठ दिनों तक चलने वाले इस अभियान में नशामुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने जैसे विषयों को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती 25 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाला यह अभियान सेवा, संकल्प और जनभागीदारी की भावना को समर्पित रहेगा।

विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि पदयात्रा उनके लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा और जनजागरण का निरंतर संकल्प है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने गृह ग्राम सराईपाली दुर्गापाली से पदयात्रा की शुरुआत की थी और पिछले 27 वर्षों से लगातार पदयात्रा के माध्यम से समाज में जनजागरूकता का संदेश पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से लोगों से सीधे संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना और समाजहित के विषयों पर जागरूकता पैदा करना उनके सार्वजनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा




है। श्री पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण उनके लंबे जनजागरण अभियान का प्रमुख संकल्प रहा है। उनके अनुसार पिछले 26 वर्षों के दौरान लगातार चलाए गए जनजागरूकता प्रयासों के माध्यम से 22,640 लोगों को नशामुक्ति की दिशा में प्रेरित करने का कार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार और समाज के भविष्य पर भी असर डालता है। इसलिए ÷पदयात्रा सप्ताह÷ के दौरान नशामुक्ति के संदेश को विशेष रूप से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।पदयात्रा सप्ताह÷ का शुभारंभ 25 सितंबर 2026 को दोपहर 3 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा, तेलीबांधा थाना चौक में माल्यार्पण के साथ होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय जी, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी, प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप जी, पूर्व राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे जी, राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा जी, पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत जी, रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी जी, रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू जी, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष श्री रमेश ठाकुर जी, रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे जी, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती विभा अवस्थी जी सहित निगम-मंडल एवं आयोगों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य, संगठन के कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, साधु-संत एवं युवा नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

माल्यार्पण के पश्चात विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा के नेतृत्व में पदयात्रा प्रारंभ होगी। पदयात्रा तेलीबांधा होते हुए शहीद भगत सिंह चौक, गौरव पथ पहुंचेगी, जहां प्रथम दिवस का समापन होगा। इस दौरान रविग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया जाएगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा, तेलीबांधा थाना चौक से पदयात्रा प्रारंभ होगी। तेलीबांधा होते हुए शहीद भगत सिंह चौक, गौरव पथ में समापन होगा। रविग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

26 सितंबर 7 दोपहर 3 बजे से

शहीद भगत सिंह चौक, गौरव पथ में माल्यार्पण कर पदयात्रा प्रारंभ होगी। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात पदयात्रा कलेक्टोरेट चौक पहुंचेगी, जहां छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समापन होगा।

**27 सितंबर 7 दोपहर 3 बजे से :-** कलेक्टोरेट चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पदयात्रा प्रारंभ होगी। इसके बाद शास्त्री चौक में शास्त्री जी की प्रतिमा और जयस्तंभ चौक में शहीद वीर नारायण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए पदयात्रा शारदा चौक पहुंचेगी। यहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ समापन होगा।

**28 सितंबर 7 दोपहर 3 बजे से :-** शारदा चौक से माल्यार्पण के पश्चात पदयात्रा प्रारंभ होगी। तात्यापारा चौक में खूबचंद बघेल जी की प्रतिमा तथा नवीन मार्केट में छत्रपति शिवाजी महाराज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद पदयात्रा रामसागर पारा, राठौर चौक होते हुए गुरुनानक चौक पहुंचेगी। मार्ग में श्री हनुमान मंदिर में भी माल्यार्पण किया जाएगा।

**29 सितंबर 7 दोपहर 3 बजे से :-** गुरुनानक चौक से पदयात्रा प्रारंभ होकर मौदहापारा होते हुए फाफाडीह पहुंचेगी।

## बृजमोहन करेंगे जेन-जी से सीधे संवाद



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल 23 सितंबर को कृषि मंडपम में आयोजित नया भारत उत्सव में जेन-जी से सीधा संवाद करेंगे। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित नया भारत उत्सव में 100 से अधिक कॉलेज के 50 हज़ार से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभक्ति गाने पर विभिन्न कॉलेज के विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## साइबर जागृति अभियान के तहत स्कूल में डिजिटल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर (विश्व परिवार)।** साइबर अपराधों के प्रति आम नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ÷साइबर जागृति अभियान÷ के अंतर्गत आज छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, रायपुर पश्चिम श्री राहुल देव शर्मा द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं स्टाफको वर्तमान समय में बढ़ रहे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, उनके तरीकों तथा उनसे बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, **महेन्द्र कुमार तेजवानी पिता मथरो मल गांव / शहर- फेस-2, गली नंबर-2, अमलीडीह, रविग्राम, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** ने अपना नाम महेन्द्र कुमार तेजवानी **(MAHENDRA KUMAR TEJWANI)** पिता मथरो मल **(MATHRO MAL)** (पुराना नाम) से बदलकर महेन्दर कुमार (MAHENDAR KUMAR) पिता मथरो मल **(MATHRO MAL)** (नया नाम) रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय /अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम महेन्दर कुमार पिता मथरोमल से जाना व पहचाना जावें।

रायपुर छ.ग.

हस्ताक्षर
(पुराने नाम से)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /35591/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35591**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802K00050** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JASVINDER KAUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NANAK SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SARRITA SAHOO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRADYUMAN KUMAR SAHOO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35475/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35475**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652R0800F** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BABITA KUMARI SUDHAKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BRIJ KISHORE SUDHAKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **TARA LAKHE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRMAOD LAKHE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35476/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35476**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J0960G** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAMTA PATLE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM PRASAD PATLE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JYOTI MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARENDRA KUMAR MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35477/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35477**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J0960H** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAMTA PATLE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM PRASAD PATLE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JYOTI MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARENDRA KUMAR MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35479/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35479**
**वार्ड का नाम- 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446J01033** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJ KUMAR NAGWANSHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. D. B. NAGWANSHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KAVITA KALANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHREECHAND KALANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35494/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35494**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N00157** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ASHRANT DASS , ASHA DASS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAYANT DASS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUNITA VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURENDR VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35543/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35543**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652M1811I** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KRISHNA BAI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANTOSH KUMAR SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LAXMI KANNOJE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MUKESH KUMAR KANNOJE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35544/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35544**
**वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652J0038A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOVT NAZUL SARASWATI DHIWAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANTOSH DHIWAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANAND NISHAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. GANGA PRASAD NISHAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./35550/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35550**
**वार्ड का नाम- 50 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446SR0038** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HIMANSHU SAHNI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEVANAND SAHINI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ASHA DANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GHANSHAYAM DANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /35512/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35512**
**वार्ड का नाम- 7 - कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226E01029** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHANDRA KALA PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. NETRAM PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **राधिका वर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **तिलक राम वर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone9@gmail.com**

पत्र क्र. /35471/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35471**
**वार्ड का नाम- 7 - कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226ZA0288** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEEPAK SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PREM DATTA SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मुनव्वर सुल्ताना** पिता/पति, श्री/श्रीमती **कमरूल आलम** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./35531/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35531**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR328B00115** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANTOSH KUMAR JAIN** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE RAMDYAL JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. PAYAL MAKHEEJA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O DEENDAYAL MAKHEEJA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./35515/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35515**
**वार्ड का नाम-47- मदर टेरेसा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 47 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443F00120** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUNIT LATA SHRIVASTAVA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O SHIV KUMAR SHRIVASTAVA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. **सुनील कुमार श्रीवास्तव** 2. **संदीप कुमार श्रीवास्तव** 3 **श्रीमती शर्मिला श्रीवास्तव** 4 **श्रीमती संगीता श्रीवास्तव** पिता/पति श्री/श्रीमती **सभी के पिता स्व. शिव कुमार श्रीवास्ताव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./35319/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35319**
**वार्ड का नाम- 15 कन्हैयालाल बाजारी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108E00329** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ALPESH POPTANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O VASUDEV POPTANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. AMIT SHRIVASTAVA 2. RACHITA SHRIVASTAVA** पिता/पति, श्री/श्रीमती १. **1. S/O BRIJBIHARI LAL SHRIVASTAVA 2.W/O AMIT SHRIVASTAVA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./35521/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35521**
**वार्ड का नाम-47- मदर टेरेसा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 47 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443D00066** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GURUBAKSH SINGH** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE REVEN DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. BHARTI ROCHLANI D/O LT. GURUBAKSH ROCHLANI W/O JAI KUMAR LAKHWANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **2. SMT. RESHMA ROCHLANI D/O LT. GURUBAKSH ROCHLANI W/O AJAY DEMBANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **आपसी बंटवारानामा एवं शपथ पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी रायपुर छ.ग.**

### शपथ पत्र

**मैं प्रियंका विंचुरकर पति दीपक जोशी निवासी सी-201 बिनौरी परकृन्दे डी पी एस रोड रेल्वे फाटक के पास भोपाल सी टी सी जिला अहमदाबाद गुजरात** 380058 शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूं :-

1. यह कि मेरे द्वारा बजाज लाइफ इंश्योरेंस कं. लि. से दो पालिसी लिया गया है जिसका **पालिसी नंबर 0522730138** एवं पालिसी **नंबर 0575529912** है जिसमे मेरा नाम **PRIYANKA DIPAK JOSHI** नाम अंकित है ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम प्रियंका विंचुरकर **PRIYANKA VINCHURKAR** अंकित है मेरा आधार **नंबर 2423 0624 0343** है।
3. यह कि **PRIYANKA DIPAK JOSHI** एवं **PRIYANKA VINCHURKAR** दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है मेरा ही नाम है ।
4. यह कि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद होगा तो स्वयं जवाबदार रहूंगी।
5. यह कि अब से मेरा नाम **PRIYANKA VINCHURKAR** के नाम से समस्त शासकीय अशासकीय बैंक बीमा शेयर आदि मे दर्ज कर समस्त संव्यवहार किया जावे इामसचेत शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

**रायपुर छ.ग.**

**शपथकर्ता**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं./35592/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35592**
**वार्ड का नाम-28- शहीद हेमू कलाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223L0149V** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **VIJYA BEN PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRABHU DAS PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती सारिका केशरवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री नंद किशोर केशरवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं./35602/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 22-09-2026

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 35602**
**वार्ड का नाम-27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737A00314** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **HASINA BEGAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HAIDAR QURESHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **हाजी मोहम्मद आसिफ फारूकी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मोहम्मद अय्युब फारूकी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश थॉमस एक्का ने किया जिला जेल का निरीक्षण

### पात्र बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने दिए निर्देश

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर श्री थॉमस एक्का द्वारा जिला जेल सूरजपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल की वर्तमान व्यवस्थाओं, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं तथा विधिक सहायता की स्थिति परखी गई।

निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश श्री थॉमस एक्का ने जेल अधीक्षक से बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने खाद्य सामग्री, भोजन, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक



व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए जेल मैनुअल के अनुरूप बंदियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा जेल के भोजनालय का निरीक्षण कर बंदियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही जेल में संचालित चिकित्सा केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं बंदियों को प्रदान की जा रही चिकित्सा सेवाओं के संबंध में जानकारी ली गई।

निरीक्षण दल द्वारा जेल की विभिन्न बैरकों में जाकर बंदियों से सीधे संवाद किया गया। इस दौरान बंदियों के स्वास्थ्य, विधिक सहायता एवं अन्य समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई। बंदियों द्वारा बताई गई समस्याओं को सुनकर उन्हें उपलब्ध विधिक उपचार एवं सहायता के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, जमानत, पैरोल तथा उपलब्ध विधिक सहायता की प्रक्रिया के संबंध में भी सामान्य जानकारी दी गई। साथ ही पात्र बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया गया।

निरीक्षण के दौरान संबंधितों को सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया कि जेल में निरुद्ध प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसके अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सहायता की जानकारी प्राप्त हो तथा आवश्यकतानुसार उसे उचित कानूनी सहायता उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के माध्यम से जेल प्रशासन को बंदियों की मूलभूत आवश्यकताओं एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री आनंद प्रकाश वारियाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर सुश्री पायल टोपनो, अपर कलेक्टर श्री जगन्नाथ वर्मा, जिला जेल अधीक्षक श्री विक्रम गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री प्रशांत सिंह, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री हृदयनारायण श्रीवास्तव, अन्य डिफेंस काउंसिल, अधिवक्ता श्री मनोज सिंह, सहित जेल स्टाफ एवं पी.एल.व्ही. उपस्थित रहे।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से भटगांव विधानसभा के सात धान उपार्जन केंद्र होंगे सुविधा युक्त

### 69.58 लाख रुपए से पक्के फड़ एवं समतलीकरण कार्य को मिली स्वीकृति, किसानों को मिलेगी बेहतर उपार्जन सुविधा

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** किसानों को धान उपार्जन के दौरान बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भटगांव विधानसभा क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल की गई है। भटगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के 7 धान उपार्जन केंद्रों में पक्के फड़ निर्माण एवं समतलीकरण कार्य के लिए 69.58 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इससे इन केंद्रों में आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी और किसानों को धान बेचने के दौरान अधिक व्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण मिलेगा।



स्वीकृत कार्यों में सूरजपुर विकासखंड के टमकी, सिरसी, करोटी बी, खोपो, बतरा, सांवारांवां एवं कुर्रीडीह स्थित धान उपार्जन केंद्र शामिल हैं। प्रत्येक केंद्र में 9.94 लाख रुपए की लागत से पक्के फड़ निर्माण एवं समतलीकरण का कार्य किया जाएगा।

धान उपार्जन केंद्रों में पक्के फड़ और समतलीकरण होने से उपार्जन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित होगी। इससे धान की आवक, खरीदी और रख-रखाव के दौरान होने वाली व्यावहारिक परेशानियों को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही किसानों को उपार्जन केंद्रों पर बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में यह कार्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को गति देने के क्रम में यह स्वीकृति एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा भटगांव विधानसभा क्षेत्र में किसानों से जुड़े विषयों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने के प्रयासों का यह एक और परिणाम है। इससे धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था मजबूत होने के साथ किसानों को सुविधाजनक उपार्जन व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

# बैकवर्ड क्लास के महामंत्री मंगला सिंह यादव ने महाप्रबंधक बिलासपुर को नई भर्ती एवं विभागीय पदोन्नति में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने पत्र लिखा

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** बैकवर्ड क्लास के महामंत्री मंगल सिंह यादव ने बिलासपुर मुख्यालय के कार्मिक महाप्रबंधक को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में समय-समय पर नई भर्तियों एवं विभागीय पदोन्नति की प्रक्रियाएं संचालित की जाती है।भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा कोयला मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञानिर्देशों के अनुसार, सीधी भर्ती तथा विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों/कर्मचारियों के लिए 27त्न आरक्षण का स्पष्ट प्रावधान किया गया है।

जिसके तहत कंपनी में आरक्षण रोस्टर का पालन होना चाहिए।नई भर्ती की अधिसुचनाओं एवं विभागीय



पदोन्नति की सूचियों में भारत सरकार के 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण रोस्टर का कड़ाई से पालन किया जाना अति आवश्यक है।

बैकलॉग पदों की समीक्षा पूर्व की भर्ती एवं पदोन्नति प्रक्रियाओं में यदि अन्य पिछड़ा वर्ग के 27त्न कोटे के पद रिक्त रह गए हैं, तो उनकी समीक्षा कर बैकलॉग पदों को शीघ्र भरा जाना चाहिय। पदोन्नति एवं भर्ती से पूर्व आरक्षण रोस्टर पंजी को अद्यतन कर सार्वजनिक किया जाए ताकि पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके।

श्रमिक नेता मंगल सिंह ने बिलासपुर के अंतर्गत संचालित आगामी सभी नई भर्तियों तथा विभागीय पदोन्नति प्रक्रियाओं में भारत सरकार के नियमानुसार 27त्न ओबीसी आरक्षण को पूर्ण रूप से लागू करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें।

श्रमिक नेता ने पत्र की प्रतिलिपियां अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक , निदेशक (एच.आर. एस.ई.सी.एल. बिलासपर ,राष्ट्रीय अध्यक्ष/महासचिव एंव प्रभारी/अध्याक्ष एस.ई.सी.एल. ओ.ची.सी. ऐसोसिएशन, महाप्रबंधक (अम/शक्ति) एस.ई सी.एल. बिलासपुर को भी प्रेषित की है

# भारत में गैलेक्सी वॉच की हेल्थ टेक्नोलॉजी को बेहतर बना रहे सैमसंग के नोएडा इंजीनियर्स

**गुरुग्राम:** सैमसंग रिसर्च इंस्टीट्यूट-नोएडा (एसआरआई-एन) गैलेक्सी वॉच9 और गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 में हेल्थ एवं वेलनेस से जुड़े फीचर्स बनाने में मदद कर रहा है। इसके साथ ही, वह भारत के मौसम और माहौल के हिसाब से घड़ी के सॉफ्टवेयर की जांच भी कर रहा है। एसआरआई-एन ऐसी सुविधाओं पर भी काम करता है जो सैमसंग हेल्थ को भारत के डिजिटल हेल्थ सिस्टम से जोड़ती हैं, जो सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के साथ मिलकर काम करती हैं। सैमसंग रिसर्च इंस्टीट्यूट-नोएडा के मैनेजिंग डायरेक्टर, क्यूंगयुन रू ने कहा, डिजिटल हेल्थ और घड़ी से जुड़े फीचर्स हमारी प्राथमिकता हैं। पिछले तीन से चार सालों में, हमने खास तौर पर भारत के लिए कई सेवाएं शुरू की हैं। एसआरआई-एन की स्थापना 2007 में हुई थी। यह सैमसंग की दुनिया भर की रिसर्च टीमों के साथ मिलकर गैलेक्सी मोबाइल डिवाइसों, स्मार्टवॉच, टैबलेट और सॉफ्टवेयर बनाने का काम करता है। गैलेक्सी वॉच इस्तेमाल करने वालों के लिए, भारत में किया गया यह काम सेंसर से मिले डेटा को समझकर सैमसंग हेल्थ ऐप के ज़रिए हेल्थ एवं वेलनेस से जुड़ी आसान जानकारियां देता है। सैमसंग रिसर्च इंस्टीट्यूट-नोएडा के सर्विस डेवलपमेंट के वाइस प्रेसिडेंट, डॉ. अमिताभ थपलियाल ने कहा, हमारा सिस्टम स्मार्टवॉच के डेटा को स्मार्टफोन से जोड़ता है। यह आपकी दिनभर की एक्टिविटी, नींद, खान-पान, मानसिक शांति और सेहत के जरूरी संकेतों पर नज़र रखने में मदद करता है। हम सेहत पर नज़र रखने वाले ऐसे ऐप्स भी बनाते हैं जो तंदुरुस्ती और बीमारियों से बचाव पर ध्यान देते हैं। भारत में रिसर्च और टेस्टिंग- नोएडा सेंटर का काम गैलेक्सी वॉच9 और गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 के खास फीचर्स में योगदान देना है, जैसे कि वाइटल ट्रैकर, डेली कार्डियो लोड, हियरिंग हेल्थ और ट्रेल रनिंग। वाइटल ट्रैकर सोते समय दिल की धड़कन, धड़कनों में होने वाला बदलाव (हार्ट-रेट वेरिएबिलिटी), त्वचा का तापमान, सांस लेने की गति और खून में ऑक्सीजन का स्तर मापता है।


# वेदांता पावर युवा प्रतिभाओं को पावर लीडर्स बनने कर रही प्रोत्साहित

**नई दिल्ली:** देश अपनी औद्योगिक यात्रा में युवा कार्यबल को प्राथमिकता देता है। इसी के अनुरूप वेदांता पावर प्रतिभाशाली युवाओं को सीखने, नेतृत्व करने और पावर लीडर्स के रूप में विकसित होने के मौके दे रही है। कंपनी के 56 फीसदी कर्मचारियों की उम्र 35 साल से कम है। वेदांता पावर तेज़ी से विकसित हो रहे ऊर्जा क्षेत्र के लिए ज़रूरी क्षमता एवं कौशल अर्जित करने के लिए युवा पेशेवरों को प्रेरित करता है। कंपनी कैंपस से युवा पेशेवरों की नियुक्तियों, सीखने की संरचनात्मक प्रक्रिया, नेतृत्व के मार्गदर्शन, विभिन्न विभागों के साथ समन्वयन में कार्य करने और उनमें स्वामित्व की भावना के विकास पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। इस तरह भारत के विकास की कहानी में सार्थक योगदान के लिए ज़रूरी क्षमता विकसित करने की दृष्टि से कंपनी का योगदान महत्वपूर्ण है। वेदांता पावर ने हाल ही में 54 कैंपस नियुक्तियां की हैं जिनमें 57 फीसदी महिलाएं हैं। ये प्रतिभाएं ऊर्जा क्षेत्र में नए दृष्टिकोण और रचनात्मकता के साथ योगदान कर रही हैं। देश भर के बेहतरीन संस्थानों के ये युवा पेशेवर इंजीनियरिंग, मानव संसाधन, संचार, ईएसजी और सीएसआर जैसे कई क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कैंपस रिक्रूटमेंट कंपनी में नए कौशल और दृष्टिकोण के समावेश का माध्यम है। युवा प्रतिभाओं की नियुक्तियों पर वेदांता पावर के के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक श्री राजिंदर सिंह आहूजा ने कहा, ''भारत में ऊर्जा क्षेत्र के विकास की कहानी नए दौर में अग्रसर है। हमें न सिर्फ़और विद्युत की बल्कि ऐसे लोगों की भी ज़रूरत है जो जटिल सम्पत्तियों का संचालन कर सकें, नई तकनीकों को अपना सकें, दक्षता में सुधार ला सकें और ऊर्जा के तेज़ी से बदलते माहौल के अनुसार ढल सकें। वेदांता में, क्षमता बनाना और काबिलियत बनाना साथ-साथ चलते हैं। हमारे युवा पेशेवर इस यात्रा का अभिन्न हिस्सा हैं। हम उन्हें कारोबार का अनुभव, अनुभवी लीडर्स तक पहुँच और स्वामित्व के अवसर देना चाहते हैं, ताकि वे भारत के विद्युत क्षेत्र के अगले अध्याय को आकार देने वाले पावर लीडर्स के रूप में विकसित हो सकें।'' इस दृष्टिकोण के तहत वेदांता पावर ने संगठन में शामिल होने वाले युवा पेशेवरों के लिए पहला 4 दिवसीय संरचनात्मक प्रेरण कार्यक्रम, 'आरोहण – द राइज़ ऑफ़ पावर' आयोजित किया। यह कार्यक्रम लीडरशिप इंटरैक्शन, बिज़नेस सत्रों, कार्यात्मक अधिगम और संचालनात्मक अनुभव के ज़रिए नए कर्मचारियों को एक मंच पर लाया। इस मंच पर उन्हें कंपनी और विद्युत क्षेत्र की बेहतर समझ मिली। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रतिनिधियों और विभाग प्रमुखों के साथ बातचीत हुई।

# एलजी इंडिया ने शानदार परफॉरमेंस, स्मार्ट सुविधा और आकर्षक डिज़ाइन वाली सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन की नई रेंज पेश की

**रायपुर:** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आज सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन की अपनी नई रेंज लॉन्च करने की घोषणा की। इसे शानदार वाशिंग परफॉरमेंस, स्मार्ट सुविधा, बेहतरीन टिकाऊपन और आकर्षक प्रीमियम डिज़ाइन के साथ तैयार किया गया है। 8 द्वद्द से 12 द्वद्द क्षमता वाले 15 मॉडल्स में उपलब्ध, यह नई रेंज भारतीय ग्राहकों को उनके परिवार के आकार, कपड़े धोने की ज़रूरतों और डिज़ाइन की पसंद के अनुसार कई शानदार विकल्प प्रदान करती है। दुनिया भर के 10 से अधिक देशों को लक्षित करते हुए AX सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन का निर्यात 2027 से शुरू होने वाला है।

इस लॉन्च के साथ, एलजी सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन कैटेगरी से जुड़ी उम्मीदों को फिर से परिभाषित कर रहा है। यह कपड़ों में डिटर्जेंट रह जाने, लिंट (रोएं), जिद्दी दाग, धीरे सूखने और कमज़ोर ढक्कन जैसी रोज़मर्रा की समस्याओं को दूर करती है। व्यावहारिक इनोवेशन और स्टाइलिश डिज़ाइन का यह बेहतरीन संगम कपड़े धोने की प्रक्रिया को आसान, तेज़ और अधिक प्रभावी बनाता है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के होम अप्लायंसेज सॉल्यूशन सेल्स डिवीजन के प्रमुख, यंग मिन ह्वांग ने कहा, ÷नई सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन रेंज उन ग्राहकों के लिए डिज़ाइन की गई है जो रोज़मर्रा के कपड़े धोने की प्रक्रिया से अधिक की उम्मीद करते हैं। यह एलजी की भरोसेमंद तकनीक, टिकाऊ इंजीनियरिंग, प्रीमियम डिज़ाइन और स्मार्ट फीचर्स को एक साथ लाती है, जो घर की वास्तविक समस्याओं को हल करते हैं। इस नई रेंज की मुख्य खूबी डुअल स्पिन शावर है, जो कपड़ों से डिटर्जेंट को अधिक प्रभावी ढंग से निकालने के लिए दो शक्तिशाली वॉटर इनलेट्स का उपयोग करता है, जिससे कपड़े




अधिक साफ और ताज़े रहते हैं। व्हेल की पूंछ के डिज़ाइन से प्रेरित रोलर जेट पल्सेटर+, पानी का एक डायनामिक फ्लो बनाता है जिससे कपड़ों का सर्कुलेशन बेहतर होता है और फैब्रिक की देखभाल करते हुए जिद्दी गंदगी को हटाने में मदद मिलती है। इसमें अल्ट्रा स्क्रब वॉल भी दिया गया है, जिसे कफ कॉलर और ज्यादा गंदे हिस्सों पर जमी जिद्दी गंदगी से निपटने के लिए एक विशेष स्क्रब पैटर्न के साथ डिज़ाइन किया गया है। इसका नया स्मार्ट फिल्टर वाश साइकिल के दौरान रोएं (लिंट) को प्रभावी ढंग से पकड़ता है। इसे निकालना और साफकरना आसान है, जिससे कम मेहनत में बेहतर वाश क्वालिटी बनाए रखने में मदद मिलती है। इस सीरीज़ में विंड जेट ड्राई+ फीचर भी पेश किया गया है, जो स्पिनिंग के दौरान अतिरिक्त नमी को हटाने के लिए शक्तिशाली एयरफ्लो का उपयोग करता है और कपड़ों को तेज़ी से सुखाने में मदद करता है।

इसके अलावा, कपड़े धोने में अधिक सहूलियत के लिए इसमें 3+1 वाश प्रोग्राम्स और अतिरिक्त सुरक्षा एवं टिकाऊपन के लिए रैट अवे टेक्नोलॉजी भी दी गई है। भीड़ से अलग दिखने के लिए डिज़ाइन की गई इस नई रेंज में एक मजबूत बॉक्स-टाइप बॉडी, बोल्ड पैटर्न, टिकाऊ नॉब्स और ओनिक्स ब्लैक, मिडल ब्लैक तथा बरगंडी जैसे प्रीमियम कलर ऑप्शन्स मिलते हैं। कुछ चुनिंदा मॉडल्स सॉफ्ट-क्लोजिंग मैकेनिज्म वाले टफन ग्लास लिड के साथ आते हैं, जो अधिक टिकाऊपन, शांत संचालन और एक शानदार प्रीमियम यूज़र अनुभव प्रदान करते हैं।

इस नई रेंज का निर्माण एलजी की ग्रेटर नोएडा स्थित फैसिलिटी में किया गया है, जो कंपनी की इंडस्ट्री 5.0-केंद्रित स्मार्ट फैक्ट्रियों में से एक है। एलजी की उन्नत निर्माण क्षमताओं में एआई-सक्षम स्मार्ट फैक्ट्री ऑपरेशन्स, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और हाई-प्रिसिजन (अत्यधिक सटीक) उत्पादन तथा कुशल लॉजिस्टिक्स के लिए एजीवी (त्नङ्कह्व) शामिल हैं। एलजी इंडस्ट्री के सर्वोत्तम स्तरों तक परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए ह्वक्क-मान्यता प्राप्त लैब्स में 100त्न क्वालिटी चेक, एआई विज़न इंस्पेक्शन और कड़ी टेस्टिंग के माध्यम से विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है।

दशकों के उपभोक्ता विश्वास, भारतीय घरों की गहरी समझ और होम अप्लायंस इनोवेशन में अपने नेतृत्व के साथ, एलजी अपने सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन पोर्टफोलियो को लगातार मजबूत कर रहा है। यह नई लाइनअप भारतीय ग्राहकों को कपड़े धोने का बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए शानदार परफॉरमेंस, स्मार्ट सुविधा, आकर्षक डिज़ाइन, टिकाऊ इंजीनियरिंग और एलजी की भरोसेमंद क्वालिटी को एक साथ जोड़ती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 92 वर्षीय आयशा बीबी का इंतकाल कब्रिस्तान में खाक ए हुई सुपुर्द



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-।** त्रिपुरेश्वरपुर डगमला रामानुजनगर के कृषक स्व दिलशेर खान की धर्मपत्नी 92 वर्षीय पूर्व उप सरपंच तथा महिला कॉग्रेस की नेत्री स्व आयशा बीबी का मंगलवार की सुबह इंतकाल हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। स्थानीय कब्रिस्तान त्रिपुरेश्वरपुर डगमला में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया, स्व आयशा बीबी शमशेर खान पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष की माता थीं अपने पीछे एक पुत्र , दो पुत्री सहित एक दर्जन से ज्यादा नाती, पोता, पोती, प्रपोता से भरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके अंतिम यात्रा में मजहबी नुमाइंदे एवं अन्य समुदाय से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### सूरजपुर जिला के सभी विकास खंडो में आयोजित होगी मेगा हेल्थ कैम्प – सीएमएचओ डॉ प्रशांत सिंह



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-** सूरजपुर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने जिले के सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों खंड कार्यक्रम प्रबंधकों एवं ब्लॉक डेटा मैनेजर की बैठक लेकर सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधि एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। डॉक्टर प्रशांत सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं का सुचारु संचालन करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकासखंडों में विशेष मेगा हेल्थ कैंप आयोजित कर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को दवाइयों की उपलब्धता एवं वितरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लाभार्थियों तथा क्षेत्र के पात्र व्यक्तियों की पंजीयन एवं स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपलब्ध हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से मौके पर ही एक्स-रे जांच की सुविधा उपलब्ध कराने और संभावित टीबी मरीजों की पहचान कर समय पर उपचार शुरू करने की बात कही। आंगन का उत्सव गतिविधियों के अंतर्गत ग्रामीणों को आंगनबाड़ी केंद्रों तक लाकर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए। इस दौरान महिलाओं, बच्चों एवं गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक परामर्श एवं उपचार सुनिश्चित करने को कहा गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत सभी विकासखंडों में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लाभों के बारे में जागरूक करने तथा शिविरों का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करने को कहा गया ताकि जरूरतमंद लोगो को नया जीवन मिल सके।

### निर्माण श्रमिकों को मिलेगी क्यूआर कोड युक्त डिजिटल पहचान

#### क्यूआर कोड स्कैन करते ही मिलेगी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी*

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा निर्माण श्रमिकों की सुविधा के लिए क्यूआर कोड युक्त नवीन पंजीयन कार्ड (स्मार्ट आईडी कार्ड) जारी किया गया है। नवीन व्यवस्था का शुभारंभ श्रमिक महासम्मेलन में किया गया।

नई व्यवस्था के तहत पूर्व में जारी सामान्य पंजीयन कार्ड के स्थान पर अब निर्माण श्रमिकों का आधुनिक एवं सुरक्षित क्यूआर कोड युक्त पंजीयन कार्ड जनरेट होगा। कार्ड पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करने पर श्रमिक की पात्रता के अनुसार संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तत्काल प्राप्त की जा सकेगी।

पंजीकृत निर्माण श्रमिक अपनी सुविधा के अनुसार डिजिटल पहचान पत्र को टिकाऊ पीवीसी कार्ड के रूप में भी प्रिंट करा सकेंगे। नवीन प्रारूप के कार्ड से संबंधित जानकारी एवं प्रिंट की सुविधा नजदीकी लोक सेवा केंद्र तथा अधीनस्थ श्रम संसाधन केंद्रों में उपलब्ध होगी। श्रम विभाग ने जिले के समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपने नवीन क्यूआर कोड युक्त पंजीयन कार्ड की जानकारी प्राप्त करने तथा मंडल द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

# संपादकीय

## लाचारी का भाव बढ़ा

संयुक्त राष्ट्र की यह पहली ऐसी रिपोर्ट है, जिसमें इतनी अंधकारमय तस्वीर का वर्णन है। जलवायु विशेषज्ञों ने कहा है कि नेपाल में जो हुआ, वह दुनिया के संभावित भविष्य की एक मिसाल भर है। ग्लेशियर गिरने से नेपाल में आई तबाही की दर्दनाक कहानियों के बीच संयुक्त राष्ट्र ने यह भयानक आकलन दुनिया के सामने रखा है कि ग्लोबल वॉर्मिंग से गंभीरतम किस्म की क्षतियों को रोकने का अवसर धरती ने गंवा दिया है। अब चुनौती इस पर विचार करने की है कि बढ़ चुके तापमान को कैसे फिर से खतरे की सीमा से नीचे लाया जाए। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने अपनी ताजा रिपोर्ट में बताया है कि 2015 की पेरिस जलवायु संधि में जिस तापमान को लेकर चेताया गया था, वह सीमा जल्द ही पार होने वाली है। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि तब दी गई चेतावनी पर शासकों ने ध्यान नहीं दिया। ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जारी रहा। नतीजतन, धरती का तापमान खतरनाक सीमा तक पहुंच गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह संयुक्त राष्ट्र की पहली ऐसी रिपोर्ट है, जिसमें इतनी अंधकारमय तस्वीर का वर्णन है। जलवायु विशेषज्ञों ने कहा है कि नेपाल में जो हुआ, वह दुनिया के संभावित भविष्य की एक मिसाल भर है। जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया भर में ग्लेशियर पिघल रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इसकी सबसे बड़ी मार उन जन समूहों पर पड़ रही है, ग्लोबल वॉर्मिंग में जिनकी नगण्य भूमिका है। ग्रीनहाउस गैसों के वैश्विक उत्सर्जन में नेपाल का हिस्सा सिर्फ 0.1 प्रतिशत है। प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैसों का सबसे ज्यादा उत्सर्जन अमेरिका और अन्य विकसित देशों में होता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन रोकने की अपनी जिम्मेदारी से वे देश अब पूरा मुंह मोड़ चुके हैं। डॉनल्ड ट्रंप के कार्यकाल में पर्यावरण संरक्षण के बजट में भारी कटौती हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भू-स्खलन सहित अन्य प्राकृतिक खतरों की निगरानी के लिए नेपाल को अमेरिका से जो मदद मिलती थी, ट्रंप के कार्यकाल में उसे रोक दिया गया। आपदा आने के बाद सवाल उठा है कि क्या अगर वो कार्यक्रम जारी रहता, तो तबाही से पहले एहतियाती इंतजामों का मौका मिल सकता था? बहरहाल, विकसित दुनिया अभी ऐसे सवालों को ठेंगे पर रख रही है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन जनित प्राकृतिक आपदाओं की आशंका को लेकर लाचारी का भाव बढ़ा है, तो वह लाजिमी ही है।

# नशीले पदार्थों को 'ना' और जिंदगी को 'हां' कहें नशा मुक्त भारत अभियान के छह वर्ष....

श्री सुधांश पंत



यह एक दृश्य अक्सर दोहराया जाता है – लगभग हर कॉलेज के छात्रावासों में, हर कार्यालय की पार्टियों में और साथ जवान हो रहे दोस्तों के हर समूह में। कुछ नशीले पदार्थ एक-दूसरे तक पहुंचाए जाते हैं। इस क्रम में एक बात काफी सहजता के साथ, लेकिन जोर देकर कही जाती है कि बाकी सब भी तो ऐसा ही कर रहे हैं। ऐसे में, मना करना कुछ ऐसा लगता है मानो आप समूह के बाकी साथियों से अलग-थलग हो रहे हों। इसके बाद एक पल की चुप्पी छाती है। और फिर एक युवा अपने साथियों के समूह को 'ना' कहने से पैदा होने वाली शर्मिंदगी और अलग-थलग पड़ जाने की बेचैनी के बीच जल्दी से फैसला ले लेता है। यही एक निर्णायक पल होता है, क्योंकि लत हमेशा सोच-समझकर लिए गए फैसले से नहीं लगती। अक्सर इसकी शुरुआत पीछे छूट जाने के डर से होती है।

### नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां

यही वह मौन लेकिन अहम पल है, जिसको ध्यान में रखकर 'नशा मुक्त भारत अभियान' (एनएमबीए) की शुरुआत की गई थी। इस अभियान का व्यापक उद्देश्य नशीले पदार्थों की लत के बारे में जागरूकता फैलाना रहा है। लेकिन इसकी असली चुनौती सामाजिक रही है: नशे से मुक्त रहने का फैसला लेने को आसान बनाना, उस फैसले की अभिव्यक्ति को सहज बनाना और कुल मिलाकर, इस पूरी कवायद को एक सामान्य बात के तौर पर देखना आसान बनाना।

### दृढ़ संकल्प

जब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2020 को एनएमबीए की शुरुआत की, तो इस अभियान ने एक कहीं अधिक कठिन चुनौती से जूझना तय किया। यह कठिन चुनौती थी – किसी कमजोर पल में, एक अकेले व्यक्ति द्वारा अपने साथियों के समूह के सामने 'नहीं' कहने की हिम्मत लाने की। इस दृष्टि से, इस अभियान का सबसे असरदार शब्द शायद सबसे आसान शब्द है, 'ना!' यह कोई नाटकीय 'ना!' नहीं है। यह कोई नैतिक उपदेश नहीं है। बस जब आपके आस-पास के सभी लोग जब 'हां' कह रहे हों, तब बिना विचलित हुए मना करने का आत्मविश्वास है। माननीय प्रधानमंत्री ने कहा है, विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत 'नशा मुक्त युवा' नाम ही इस संकल्प को पूरी तरह स्पष्ट करता है। अब जबकि भारत एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है, तो यह जरूरी है कि हमारे युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हों, आत्मविश्वास से भरे हों और हमेशा नशे की जानलेवा लत से मुक्त रहें। यही इस अभियान का उद्देश्य है। हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हमारे युवा नशे की लत के खतरों को समझें, जागरूक रहें और इससे दूर रहें। इस संकल्प को साकार करने में 'राष्ट्रीय नशा मुक्त युवा अभियान' अब एक अहम भूमिका निभा रहा है।

### एनएमबीए : साझा जिम्मेदारी का एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन

छह वर्ष बाद, वह एक पहल अब एक बहुत बड़े अभियान का हिस्सा बन गई है। यह अभियान संकल्प लेने और लोगों को जोड़ने की गतिविधियों के जरिए 13.71 करोड़ से अधिक युवाओं तक पहुंचा है। साथ ही विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में 31 लाख से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। शैक्षिक परिसरों में विद्यार्थियों का स्वैच्छिक रूप से संकल्प लेना अब एक आम बात हो गई है और ग्राम सभाएं भी अब इस मुद्दे पर नियमित रूप से चर्चा करती हैं। जहां पहले लोग अपने परिवार के किसी सदस्य की लत को निजी शर्म की बात मानकर छिपाते थे, वहीं अब 10.65 करोड़ से अधिक महिलाओं, स्वयं-सहायता समूहों (एसएचजी) और सामुदायिक नेटवर्कों के जरिए, इस बारे में खुलकर और अपनी भाषा में अपने पड़ोसियों से बात करने लगी हैं। 19 सितंबर, 2026 तक, 1.70 लाख से अधिक 'नशा मुक्ति मित्र (एनएमएम)' सामुदायिक स्तर पर चैंपियन बनकर उभरे हैं और 34.57 करोड़ से अधिक लोगों तक यह संदेश पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। और, यह रुझान सकारात्मक दिशा में तेजी से आगे की ओर बढ़ रहा है। यहीं से सामाजिक व्यवहार को बदलने हेतु एक जन-अभियान की शुरुआत हुई है। एनएमबीए ने एकतरफा जागरूकता से आगे बढ़कर लगातार कई ऐसे रास्ते बनाए हैं, जिनसे लोग इस मुहिम से जुड़ सकें, जानकारी हासिल कर सकें और इसके संदेश को आगे बढ़ा सकें। एनएमबीए पोर्टल जानकारियों, शैक्षिक संसाधनों, सर्वोत्तम कार्यपद्धतियों और नागरिकों के लिए इस अभियान से जुड़ने के अवसरों को एक साथ लाता है।

### नशा-मुक्त युवा, नशा-मुक्त भारत

हाल ही में, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 137वीं कड़ी में इस बड़े मिशन को आगे बढ़ाते हुए 'नशा-मुक्त युवा, नशा-मुक्त भारत' के लक्ष्य को फिर से दोहराया। उनकी यह अपील इसलिए भी खास थी क्योंकि इसमें केवल संस्थानों एवं सरकारी एजेंसियों को ही नहीं, बल्कि युवा संगीतकारों, विद्यार्थियों और थिएटर समूहों को भी शामिल किया गया। ऐसा यह मानते हुए किया गया कि संदेश सबसे अधिक असरदार तब होते हैं, जब वे उन लोगों की आवाज के जरिए पहुंचते हैं जिन पर युवाओं का भरोसा पहले से ही जमा होता है। असल में, एनएमबीए ने पिछले छह वर्षों के दौरान चुपचाप नशाबंदी की दीवार ही नहीं, बल्कि अपनापन महसूस कराने वाला एक वैकल्पिक दायरा भी बनाया है। यह दायरा अब बड़ा होकर हर राज्य और केन्द्र-शासित प्रदेश के स्कूलों, कॉलेजों, पंचायती राज संस्थाओं, आशा एवं आंगनवाड़ी नेटवर्कों तथा हजारों सामुदायिक संगठनों तक जा पहुंचा है और हर जगह लोग अपने-अपने शब्दों में यही संकल्प ले रहे हैं।

### जागरूकता से संकल्प तक

इतने बड़े पैमाने का आंदोलन बहुत देर तक सिर्फ आंकड़ों तक ही सीमित नहीं रहता। यह घरों, कक्षाओं और समुदायों में बातचीत का हिस्सा बनने लगता है, जिससे नशीले पदार्थों के सेवन का मुद्दा खुलकर सामने आता है और इसकी रोकथाम महज संकट के समय की चर्चा न रहकर एक सामूहिक जिम्मेदारी बन जाती है। लेकिन ऐसी जागरूकता तो बस एक शुरुआत है। जो लोग अपने या अपने किसी करीबी के लिए मदद चाहते हैं, उनके मन में अगला सवाल यह आता है कि वे आखिर जाएं कहां? एनएमबीए ने इस कदम को भी आसान बनाने का प्रयास किया है। राष्ट्रीय नशा-मुक्ति हेल्पलाइन, 14446, जानकारी, मार्गदर्शन और उपयुक्त नशा-मुक्ति संबंधी सेवाओं के लिए संपर्क का जरिया प्रदान करती है। यह चिंता के पल को स्वस्थ होने की दिशा में उठाए जा सकने वाले पहले कदम में बदलने में मदद करती है। एक दोस्त के जोर देने और अपनी सही समझ के बीच फैसला करते समय कभी हिचकिचाहट भरे पल का अनुभव करने वाले एक व्यक्ति के लिए एनएमबीए की यात्रा यह भरोसा दिलाती है कि वे अकेले नहीं हैं।

### भारत की उम्मीद की किरण युवाओं – की सुरक्षा में एकजुट

अब नागरिकों के पास 'नशा मुक्ति मित्र' के तौर पर इस मिशन को आगे बढ़ाने का अवसर है। वे इस बातचीत को मात्र एक अभियान तक सीमित न रखकर उन जगहों तक ले जा सकते हैं, जहां रोजमर्रा के फैसले लिए जाते हैं। क्योंकि कोई भी स्थायी बदलाव शायद ही कभी किसी एक अभियान, एक संस्था या एक पल के जरिए आता है। यह बदलाव तभी कायम रहता है, जब जागरूकता रोजमर्रा की बातचीत का हिस्सा बन जाती है, बातचीत एक सामूहिक संकल्प में बदलती है और वह संकल्प रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाता है। यही 'नशा मुक्त भारत अभियान' की क्षमता और उसका नतीजा है। यह नशीले पदार्थों के सेवन के खिलाफ एक ऐसा अभियान है, जिसके साथ पूरा देश एकजुट होकर खड़ा है।

आइए, भारत की उम्मीद की किरण-युवाओं-की सुरक्षा के लिए मिलकर काम करें।

(लेखक भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में सचिव हैं)

## आलेख

# डिजिटल क्रांति की ओर छत्तीसगढ़: वसुंधरा परियोजना से सुशासन और पारदर्शी राजस्व सेवाओं का नया दौर

विष्णु प्रसाद वर्मा

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के नागरिकों को सुगम, त्वरित और पारदर्शी राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए %सेवा के संकल्प% के साथ एक ऐतिहासिक डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रही है। राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग द्वारा शुरू की गई %वसुंधरा% परियोजना के माध्यम से प्रदेश भर के पुराने और वर्तमान राजस्व अभिलेखों का संपूर्ण डिजिटलीकरण, संरक्षण तथा प्रमाणीकरण किया जा रहा है, जिससे आम जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से हमेशा के लिए मुक्ति मिलेगी।

**सफलता का आधार: दंतेवाड़ा का क्रांतिकारी मॉडल** इस महत्वाकांक्षी योजना की सफलता की मजबूत नींव दंतेवाड़ा जिले के क्रांतिकारी मॉडल पर आधारित है। दंतेवाड़ा में पिछले एक वर्ष के दौरान 12 हजार से अधिक नागरिकों ने कियोस्क सेवाओं का लाभ उठाया और 15 हजार से अधिक जाति प्रमाण-पत्र मात्र एक से दो दिनों में जारी किए गए। इसके साथ ही सैकड़ों विवादित मामलों का त्वरित निराकरण संभव हुआ और अभिलेखों में छेड़छाड़ का एक भी मामला सामने नहीं आया।

**विस्तृत खाका: 12.89 करोड़ पृष्ठों का डिजिटलीकरण** दंतेवाड़ा के इसी सफल प्रयोग से प्रेरणा लेते हुए अब पूरे राज्य में लगभग 12 करोड़ 89 लाख पृष्ठों के विभिन्न राजस्व अभिलेखों को डिजिटाइज़ करने का विस्तृत खाका तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत 22.72 करोड़ रुपए की लागत से 5.68 करोड़ पृष्ठ खसरा पांचसाला, 11.77 करोड़ रुपए की लागत से 2.94 करोड़ पृष्ठ क्क-1 रिकॉर्ड, 9.98 करोड़ रुपए की लागत से 2.49 करोड़ पृष्ठ नामांतरण व संशोधन पंजी, 2.13 करोड़ रुपए की लागत से 53.16 लाख पृष्ठ मिसल पंजी और 1.89 करोड़ रुपए की लागत से 47.29 लाख पृष्ठ अधिकार अभिलेख शामिल हैं। इसके अतिरिक्त निस्तार पत्रक, वाजिब-उल-अर्ज, रीनंबरिंग सूची, साधारण खसरा, नजूल शीट एवं व्यवर्तन पंजी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी डिजिटल रूप से सुरक्षित किया जाएगा।

**वित्तीय ढांचा और समयबद्ध कार्यान्वयन** इस विशाल परियोजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए 65.41 करोड़ रुपए की कुल एकमुश्त पूंजीगत लागत और 50 लाख रुपए प्रति वर्ष का परिचालन व्यय तय किया गया है, जिसकी वित्तीय व्यवस्था राज्य के अधोसंरचना मद और केंद्र सरकार की डीआईएलआरएमपी 3.0 योजना से की जाएगी। योजना के तहत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के सहयोग से अगले तीन महीनों के भीतर वसुंधरा पोर्टल और मोबाइल ऐप तैयार किया जाएगा, जिसके बाद कार्यदायी एजेंसियों का चयन कर एक वर्ष के भीतर सभी अभिलेखों के डिजिटलीकरण और सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

**तकनीकी नवाचार: एआई और ब्लॉकचेन से सुरक्षा** वसुंधरा परियोजना की सबसे बड़ी खासियत इसमें आधुनिकतम तकनीकों का समावेश है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित ओसीआर, डॉक्यूमेंट क्लासिफिकेशन और स्मार्ट सर्च इंजन की मदद से दशकों पुराने रिकॉर्ड भी पलक झपकते ही खोजे जा सकेंगे। वहीं अभिलेखों में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या हेरफेर को रोकने के लिए ब्लॉकचेन आधारित सुरक्षा, डिजिटल हस्ताक्षर और यूनिक क्यूआर व बारकोड प्रणाली लागू की जाएगी।

**त्वरित सेवाएं और सुशासन का नया युग** इस योजना के पूर्ण रूप से लागू होने के बाद वर्तमान में नकल प्राप्ति में लगने वाला 3 से 7 दिनों का समय घटकर मात्र कुछ मिनटों का रह जाएगा और यह सेवा नागरिकों को 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। नागरिक अब वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप, लोक सेवा केंद्रों और कियोस्क के माध्यम से घर बैठे आसानी से प्रमाणित अभिलेख प्राप्त कर सकेंगे। सुगम ऑनलाइन पेमेंट गेटवे और अधिकारियों के लिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी सुविधाओं से आम जनता को राहत मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार का यह नवाचार न केवल भूमि विवादों और फर्जीवाड़े पर पूरी तरह अंकुश लगाएगा, बल्कि राज्य में डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता और सुशासन के एक नए युग का सूत्रपात भी करेगा।

# उत्तम त्याग-छोड़ने में ही जीवन की सच्ची समृद्धि

डॉ. सुनील जैन 'संचय', ललितपुर



पर्यूषण पर्व, 23 सितम्बर, दशलक्षण महापर्व का आठवाँ दिन उत्तम त्याग धर्म की आराधना को समर्पित है। मनुष्य जीवन में पाने की आकांक्षा जितनी प्रबल है, छोड़ने की कला उतनी ही दुर्लभ। संसार हमें संग्रह करना सिखाता है, जबकि जैन दर्शन संग्रह के बीच भी त्याग की चेतना जगाता है। वास्तव में त्याग वस्तु को छोड़ने मात्र का नाम नहीं, बल्कि उस वस्तु के प्रति मन में उत्पन्न होने वाले मोह, राग और द्वेष के परित्याग का नाम है। जो मनुष्य परद्रव्यों के प्रति मोह छोड़कर संसार, देह और भोगों से उदासीन परिणाम धारण करता है, उसके जीवन में उत्तम त्याग धर्म प्रकट होता है। आवश्यकता से अधिक धन का संग्रह न करना, अनावश्यक वस्तुओं से स्वयं को मुक्त करना और क्रोध, मान, माया तथा लोभ जैसे आंतरिक विकारों से दूरी बनाना त्याग की वास्तविक साधना है। त्याग बाहर की वस्तुओं से अधिक भीतर की आसक्ति का विसर्जन है।

**दान—धन से आगे, भावना का विस्तार :** जैन परंपरा में दान को गृहस्थ के आवश्यक कर्तव्यों में महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। दान केवल संपत्ति का वितरण नहीं, बल्कि अपने अर्जित साधनों को स्व-पर उपकार की दिशा में प्रवाहित करने का माध्यम है। श्रावक को स्वयं दान देने के साथ अपने बच्चों में भी दानशीलता के संस्कार विकसित करने चाहिए। प्रतिदिन धर्मस्थल की गुल्लक में छोटी-सी राशि डालने की आदत भी बालमन में सेवा, सहयोग और परोपकार के बीज बो सकती है। जैन परंपरा में आहार, औषधि, शास्त्र और अभय दान को विशेष महत्त्व दिया गया है। धन की तीन गतियां कही गई हैं—दान, भोग और नाश। बुद्धिमानी इसी में है कि धन नाश की ओर जाने से पहले लोककल्याण के काम आए। उत्तम कार्यों में लगाया गया धन ही वास्तव में सार्थक होता है; अन्यथा संग्रहित संपत्ति स्वयं के लिए भी बोझ और अनर्थ का कारण बन सकती है।

**समयदान भी महत्वपूर्ण :** आज दान के स्वरूप को भी व्यापक बनाने की आवश्यकता है। धनदान के साथ समयदान और श्रमदान भी उतने ही महत्त्वपूर्ण हैं। धार्मिक अथवा सामाजिक कार्यों में धन देना सरल हो सकता है, किंतु अपने समय और श्रम को समर्पित करना अधिक बड़ी भागीदारी है। जो व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार ईमानदारी से समय देता है, श्रम करता है और किसी के जीवन में उपयोगी बनता है, उसका यह समर्पण भी परोपकार की उसी भावना को पुष्ट करता है।

**दान और त्याग में अंतर :** दान और त्याग दोनों परस्पर पूरक होते हुए भी अपने स्वरूप में भिन्न हैं। दान में वस्तु का कुछ अंश दूसरों के हित में दिया जाता है, जबकि त्याग में आसक्ति सहित वस्तु अथवा दोष का पूर्ण परित्याग किया जाता है। दान प्राय: प्रिय वस्तु को देने की भावना से जुड़ा है—जैसे जीवनदान, ज्ञानदान अथवा अभयदान; वहीं त्याग का संबंध अपनी बुराइयों, कमजोरियों और आसक्तियों को छोड़ने से भी है। इसलिए दान और त्याग तभी सार्थक हैं, जब उनके पीछे अहंकार, यश की आकांक्षा या किसी प्रतिफल की अपेक्षा न हो। जिस दान के पीछे प्रतिष्ठा की इच्छा छिपी हो, वह दान की आत्मा को कमजोर कर देता है। त्याग भी तभी उत्तम बनता है, जब छोड़ी हुई वस्तु के प्रति मन में पुन: पाने की लालसा न रह जाए।

**सुपात्र को दें दान :** आचार्यों ने सुपात्र दान की महिमा बताते हुए स्पष्ट किया है कि सुपात्र को दिया गया दान परंपरा से मुक्ति का कारण बन सकता है, जबकि कुपात्र को दिया गया दान संसार-वृद्धि का कारण बनता है। वहीं वांछारहित दान कर्मक्षय की दिशा प्रशस्त करता है। अत: दान की श्रेष्ठता केवल दी गई वस्तु में नहीं, बल्कि दाता के भावों की निर्मलता में निहित है। कविवर द्यानतराय जी ने दान की महत्ता को अत्यंत मार्मिक ढंग से व्यक्त किया है—

बिन दान श्रावक साधु दोनों,
लहै नाहीं बोधि को।

अर्थात् दान की भावना केवल संपत्ति का त्याग नहीं, बल्कि आत्मकल्याण की यात्रा में सहायक निर्मल परिणामों की अभिव्यक्ति है।

**बुरी आदतों का त्याग ही सबसे बड़ा त्याग :** आज मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं के संग्रह में जितना आगे बढ़ रहा है, उतना ही भीतर से इच्छाओं का दास भी होता जा रहा है। इसलिए उत्तम त्याग का सबसे प्रासंगिक रूप है—बुरी आदतों का त्याग, अनावश्यक इच्छाओं का त्याग और क्रोध, मान, माया तथा लोभ का त्याग। जब हम किसी वस्तु को छोड़ते हैं तो केवल हाथ खाली होते हैं, लेकिन जब हम मोह को छोड़ते हैं तो मन हल्का होता है। जब लोभ छूटता है तो संतोष जन्म लेता है और जब राग-द्वेष से दूरी बनती है, तब आत्मा अपने शुद्ध स्वरूप की ओर अग्रसर होती है। उत्तम त्याग हमें सिखाता है कि जीवन की समृद्धि केवल इस बात में नहीं कि हमारे पास कितना है, बल्कि इसमें भी है कि हम अपने भीतर से कितना अनावश्यक छोड़ पाए हैं। वस्तुओं का त्याग धीरे-धीरे मन को आसक्ति से मुक्त करता है और अंतत: त्याग की चरम परिणति आत्मा को संसार-बन्धन से मुक्त करने वाली साधना बन जाती है। इसलिए दशलक्षण महापर्व के आठवें दिन हम केवल धन देने का संकल्प न लें, बल्कि समय देने, श्रम देने, सेवा करने और अपनी बुरी आदतों को छोड़ने का भी संकल्प लें। सुपात्र को दिया गया दान समाज को समृद्ध करता है और भीतर से किया गया त्याग आत्मा को समृद्ध बनाता है। यही उत्तम त्याग धर्म का मर्म है—हाथों से दान, जीवन से सेवा और अंतर्मन से आसक्ति का त्याग।

# आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ( ईसीएलजीएस ) 5.0

### समय पर क्रेडिट सहायता के ज़रिए बिज़नेस की मज़बूती बढ़ाना

ईसीएलजीएस 5.0 बाहरी व्यवधानों से प्रभावित व्यवसायों को लक्षित क्रेडिट गारंटी सहायता प्रदान करती है। नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी द्वारा क्रियान्वित यह योजना पात्र ऋणदाता संस्थानों को कम क्रेडिट जोखिम के साथ अतिरिक्त कार्यशील पूंजी देने में सक्षम बनाती है। यह सरकार समर्थित गारंटियों के माध्यम से एमएसएमई, पात्र गैर-एमएसएमई व्यवसायों और अनुसूचित यात्री एयरलाइंस का समर्थन करती है। कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू किए गए ईसीएलजीएस के पूर्ववर्ती चरणों के आधार पर, यह योजना व्यावसायिक निरंतरता को समर्थन देने के साथ-साथ संस्थागत ऋण तक पहुंच को मजबूत करती है। व्यापक पहुंच, जन समर्थ पोर्टल के माध्यम से डिजिटल पहुंच तथा बैंकों और वित्तीय संस्थानों की भागीदारी ने इसके दायरे का विस्तार किया है। तरलता में सुधार, रोजगार की सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करके, ईसीएलजीएस 5.0 वैश्विक अनिश्चितता के दौर में व्यावसायिक लचीलेपन और सतत आर्थिक विकास में योगदान देती है।

**बाहरी आर्थिक झटकों के दौरान उद्यमों को सहायता**

भारत भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच आर्थिक विकास को बनाए रखने, आजीविका की सुरक्षा करने और निर्बाध व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह के घटनाक्रम आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित कर सकते हैं, लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ा सकते हैं और विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायों के लिए तरलता (लिक्विडिटी) का दबाव पैदा कर सकते हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार ने 5 मई 2026 को आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) 5.0 को मंजूरी दी। यह योजना नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) द्वारा क्रियान्वित की जाती है। यह पात्र व्यावसायिक उधारकर्ताओं को अतिरिक्त कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) देने के लिए सदस्य ऋणदाता संस्थानों (एमएसएमई) को सरकार समर्थित क्रेडिट गारंटी प्रदान करती है। इसका उद्देश्य 2.55 लाख करोड़ रुपये तक के अतिरिक्त ऋण प्रवाह को सुगम बनाना है। यह योजना निर्बाध घरेलू उत्पादन और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का समर्थन करती है। यह बाहरी व्यवधानों के दौरान व्यवसायों को रोजगार बनाए रखने और आर्थिक गतिविधियों को जारी रखने में भी मदद करती है। इसके अलावा, बढ़ी हुई तरलता उद्यमों को अल्पकालिक परिचालन और वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में सक्षम बनाती है।

**ईसीएलजीएस का विकास**

ईसीएलजीएस को वर्ष 2020 में आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत लॉन्च किया गया था। इस योजना का उद्देश्य व्यवसायों को कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न वित्तीय संकट से उबरने में मदद करना था। इसने सदस्य ऋणदाता संस्थानों को 100त्न सरकार समर्थित गारंटी के साथ अतिरिक्त ऋण प्रदान करने में सक्षम बनाया। विभिन्न क्षेत्रों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ईसीएलजीएस क्रमिक चरणों के माध्यम से विकसित हुई है: ईसीएलजीएस 1.0 ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), व्यावसायिक उद्यमों, मुद्रा उधारकर्ताओं और व्यक्तिगत व्यावसायिक ऋणों को कवर किया। 29 फरवरी 2020 तक 50 करोड़ रुपये से अनधिक के बकाया ऋण और 60 दिनों तक के ओवरड्यू वाले उधारकर्ता इसके पात्र थे। ईसीएलजीएस 2.0 ने कामथ समिति द्वारा पहचाने गए 26 संकटग्रस्त क्षेत्रों और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र तक अपने दायरे का विस्तार किया। इसमें 29 फरवरी 2020 तक 50 करोड़ रुपये से अधिक और 500 करोड़ रुपये तक के बकाया ऋण तथा 60 दिनों तक के ओवरड्यू वाले उधारकर्ताओं को शामिल किया गया। ईसीएलजीएस 3.0 ने हॉस्पिटैलिटी, यात्रा और पर्यटन, अवकाश एवं खेल तथा नागरिक उड्डयन क्षेत्रों को सहायता प्रदान की। 29 फरवरी 2020 तक ऋण संस्थानों से क्रेडिट सुविधाएं प्राप्त और 60 दिनों तक के ओवरड्यू वाले उधारकर्ता इसके पात्र थे। ईसीएलजीएस 4.0 ने महामारी के दौरान स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। इसमें अस्पताल/नर्सिंग होम/क्लिनिक/मेडिकल कॉलेज/ और तरल ऑक्सीजन, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि के निर्माता शामिल थे। 31 मार्च 2021 तक क्रेडिट सुविधाएं प्राप्त और 90 दिनों तक के ओवरड्यू वाले संस्थान इसके पात्र थे।प्रत्येक चरण ने उभरती आर्थिक और क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार योजना के दायरे का विस्तार किया। ईसीएलजीएस 1.0 से 4.0 तक, कुल 3.68 लाख करोड़ रुपये की 1.19 करोड़ गारंटियां जारी की गईं। यह योजनाएं 31 मार्च 2023 को समाप्त हो गईं।

**ईसीएलजीएस 5.0 की मुख्य विशेषताएं**

ईसीएलजीएस 5.0 31 मार्च 2027 तक, या 2.55 लाख करोड़ रुपये की गारंटी जारी होने तक (जो भी पहले हो) प्रभावी है। इसमें एमएसएमई, पात्र गैर-एमएसएमई व्यावसायिक उधारकर्ता और अनुसूचित यात्री एयरलाइन कंपनियां शामिल हैं। उधारकर्ताओं को एनसीजीटीसी द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करना होगा, जिसमें खाता स्थिति और अन्य लागू ऋण मानदंड शामिल हैं। ऋण सहायता अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों, वित्तीय संस्थानों और पात्र गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के माध्यम से प्रदान की जाती है।

**एमएसएमई और पात्र गैर-एमएसएमईक्क**

पात्र उधारकता: यह योजना उन उधारकर्ताओं के लिए उपलब्ध है जिनके पास 31 मार्च 2026 तक सदस्य ऋणदाता संस्थानों (एमएसएमई) से मौजूदा कार्यशील पूंजी सुविधाएं थीं। उनके ऋण पुनर्भुगतान में 60 दिनों से अधिक का बकाया (ओवरड्यू) नहीं होना चाहिए। जिन उधारकर्ताओं ने निर्यातकों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीएसई) के तहत पहले ही अतिरिक्त ऋण प्राप्त कर लिया है, वे सीजीएसई के तहत प्राप्त राशि की सीमा तक ईसीएलजीएस 5.0 के तहत सहायता के पात्र नहीं हैं। यह योजना सभी क्षेत्रों के एमएसएमई के लिए उपलब्ध है। पात्र गैर-एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए कुछ क्षेत्रों को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया है। इनमें गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी), विद्युत (उत्पादन, पारेषण और वितरण), दूरसंचार सेवा प्रदाता, चीनी और एथेनॉल, तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आई टी) कंपनियां शामिल हैं।

# पर्यावरण की रक्षा करना, उससे प्रेम करना भी हमारा धर्म हैं : इन्द्रेश जी महाराज

■ पवित्रता के साथ स्वच्छता पर ध्यान देने लगे तो स्वर्ग से भी सुंदर हो जायेगा हमारा भारत





**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से प्रसिद्ध भागवताचार्य श्री इन्द्रेश जी महाराज पर्यावरण के प्रति बड़ा संदेश व्यासपीठ से दे गए। उन्होंने कहा कि बृजलीला के द्वारा ठाकुर जी पंच तत्वों से जागरुकता फैला रहे हैं उन्ही पंच तत्वों से जिनसे हमारा शरीर बना है पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश। उन्होने पृथ्वी के सरंक्षण के लिए हमें भेजा है लेकिन हम उसी पृथ्वी का नाश कर रहे हैं। भारत में हम लोग पवित्रता पर तो ध्यान दे रहें लेकिन स्वच्छता पर नहीं। पवित्रता भगवान की पत्नी हैं, उन्हे पवित्र रखना भी हमारा धर्म है। आज तो वृंदावन के यमुना में आचमन तक करना मुश्किल हो गया है इतनी विषैली हो गई है वहां की जल। यहां से विषैली कालिया नाग को भगाने के लिए भगवान ने उसका वध किया था, लेकिन आज के कालिया नाग यमुना क्या अन्य नदियों को भी विषैली कर रहे हैं। विषय आप समझ सकते हैं। मिट्टी खाकर भी परमात्मा ये संदेश दे रहे है कि पर्यावरण से उन्हे कितना प्रेम हैं। भारत में यदि पवित्रता के साथ स्वच्छता पर हम सब ध्यान देने लगे तो यह स्वर्ग से सुंदर हो जायेगा। भागवत का उद्देश्य परम धर्म है,ठाकुर जी से संबंध मांगकर प्रेम स्थापित करिए। वैसे ही पर्यावरण की रक्षा करना भी हमारा धर्म है, पर्यावरण से प्रेम रखिए।

कृषि मंडी देवेन्द्रनगर कथा स्थल में दूसरे दिन कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आजकल कुछ लोग तो गीत गोविंद को लेकर ही कुछ भी बातें करने लगे हैं, अनर्गल प्रमाण देने का स्वभाव बन गया है। सनातन धर्म के बड़े लोग आवाज नहीं उठा रहे हैं इसलिए आज हमें पूर्व आचार्यों के शरणों में जाना होगा। जयदेव महाप्रभु से लेकर जगन्नाथ भगवान तक की ओर से कुछ गीत के बोल सुनाते हुए कहा कि...श्री राधे कृष्ण हरि गोविंद गोपाला, नंदजी को लाला-यशोदा का लाला। जय जगन्नाथ-जय जगन्नाथ..। जय जय श्री राधे।

उन्होने बताया कि जगन्नाथ जी प्रभु आज श्राद्ध रुप में हैं,उनकी व्याख्या आगे बताते हुए कहा कि पितरों की प्रति जो श्रद्धा होती है उसे ही श्राद्ध कहते हैं। हमारे बड़े बुजुर्ग जो अब इस दुनिया में नहीं रहे, फिर भी वे अपनी परिवार की रक्षा के लिए खड़े रहते हैं। परिवार में किसी भी प्रकार के कष्ट या विपत्ति को आने से रोकते हैं। यहां भी कथा के अंतिम दिवस आते-आते श्राद्ध पक्ष शुरु हो जायेगा। आप भी अपने पितरों के लिए श्राद्ध कर्म करिए जो भी नियम हैं।

अपनी सनातन परम्परा को मत भूलिए। इस कथा में भगवान जगन्नाथ स्वंय विराजित है इसलिए वे तो कहते हैं इस कथा को -जगन्नाथ रायपुर आगमन महोत्सव -नाम दे देना चाहिए। महाप्रसाद बनने से लेकर भोग अर्पण और वितरण तक का बहुत सुंदर वर्णन और महिमा उन्होने बतायी। एकादशी व्रतधारण करने वाले तक महाप्रसाद ग्रहण करते हैं।

स्कंध पुराण में महाप्रसाद की महिमा बताते हुए कहा गया है कि जो लोग रोज महाप्रसाद का एक तिनका भी ग्रहण करते हैं वो सीधे महाप्रभु की चित्त को धारण करते हैं। ध्यान रखें जिस दिन से महाप्रसाद ग्रहण कर लिया कुछ भी अनर्गल नहीं करना नहीं तो तो अपराध लगेगा। जैसे मांस-मदिरा व गलत कार्यों से दूर रहें। कथा के पांचवे दिन यहां भी महाप्रसादी का वितरण होगा और संभवत: पहली बार होगा कि इतने सारे वैष्णवों को एक साथ महाप्रसाद रायपुर में बंटेगा। उन्होने आयोजकों से जगन्नाथपुरी से मंगवाने कह दिया है।

# पार्श्वनाथ जिनालय में श्रद्धा-भक्ति से मनाया उत्तम तप धर्म

■ अजमेर रोड स्थित जिनालय में रजत कलशों से हुआ भगवान श्री जिनेंद्र देव का अभिषेक



**ब्यावर (विश्व परिवार)।** दशलक्षण महापर्व के सातवें दिन अजमेर रोड स्थित पार्श्वनाथ जिनालय में उत्तम तप धर्म श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिनालय में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान भगवान श्री जिनेंद्र देव का रजत कलशों से अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान के समक्ष सुख-शांति, समृद्धि और आत्मकल्याण की कामना की। अभिषेक एवं पूजन के दौरान जिनालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

धर्मसभा में उत्तम तप धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि तप केवल शरीर को कष्ट देने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और इंद्रियों पर नियंत्रण का साधन है। तप के माध्यम से मनुष्य अपनी इच्छाओं और विकारों पर संयम प्राप्त कर आत्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होता है। दशलक्षण महापर्व के दौरान श्रद्धालु उपवास, एकासन और अन्य तप साधनाओं के माध्यम से धर्म आराधना करते हैं।

धार्मिक प्रवचन में बताया गया कि तप के विधान में उपवास के साथ घर एवं व्यापार के कार्यों का त्याग, पांचों इंद्रियों के विषयों से विरक्ति तथा क्रोध आदि कषायों से उत्पन्न कलुषित भावों का त्याग आवश्यक है। उपवास के दिन अपने परिणाम शांत एवं नियंत्रित रखते हुए सामायिक, स्वाध्याय और अन्य धार्मिक साधनाओं में समय व्यतीत करना चाहिए। इस दौरान सांसारिक कार्यों से दूर रहकर आत्मचिंतन एवं आत्मशुद्धि पर ध्यान देना चाहिए। विषयों और कषायों का त्याग किए बिना केवल भोजन छोड़ना वास्तविक उपवास नहीं, बल्कि लंघन मात्र है।

अध्यक्ष संजय रावका ने कहा कि दशलक्षण महापर्व आत्मशुद्धि, संयम और तपस्या का संदेश देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से पर्व के दौरान धार्मिक नियमों का पालन करते हुए अपने जीवन में सदाचार और संयम अपनाने का आह्वान किया।

# मान कषाय से मुक्ति के लिए अहंकार छोड़ना जरूरी: मुनि संवेगरत्न सागर जी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास में मंगलवार को धर्मसभा में मुनिश्री संवेगरत्न सागर जी म.सा. ने मान कषाय पर विजय पाने का संदेश दिया। आचार्य वीरभद्राचार्य रचित 'आतुर प्रत्याख्यान' ग्रंथ के माध्यम से उन्होंने श्रावक-श्राविकाओं को आत्मकल्याण का मार्ग समझाया।

मुनिश्री ने कहा कि अहंकारी व्यक्ति के लिए सुख-दुख का आधार भी उसका अहम ही बन जाता है। जहां उसके अहम की पुष्टि होती है, उसे सुख महसूस होता है और जहां अहम की उपेक्षा होती है, वही उसके लिए दुख बन जाता है। यही स्थिति धीरे-धीरे मान ज्ञान की परंपरा को मजबूत करती जाती है।

मुनिश्री ने कहा कि किसी के गुणों की प्रशंसा करना शिष्टाचार है, लेकिन उन गुणों को अपने लिए सोचने लगना मान ध्यान है। व्यक्ति के भीतर यह भाव जितना गहरा होता जाता है, उतना ही वह आत्मचिंतन से दूर होता जाता है।

'ऐसा गुरु चाहिए जो हमारी प्रशंसा करे'—यह सोच मान कषाय को बढ़ाती है। मुनिश्री ने कहा कि आज व्यक्ति को गुरु तो चाहिए, लेकिन अपनी पसंद और अनुकूलता के अनुसार। ऐसा गुरु नहीं चाहिए जो उसकी भूल बताए, बल्कि ऐसा गुरु चाहिए जो उसकी प्रशंसा करे। यही धारणा मान ध्यान को पोषित करती है। मुनिश्री ने कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध भव विस्तार के लिए नहीं, बल्कि भव सुधार के लिए होता है।

# तप करो, जप करो, कर्म हरो : पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव





**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** दिगम्बर जैन श्रमण-संस्कृति के उन्नायक अध्यात्मयोगी, पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने पर्वराज पर्युषण महापर्व पर तप-धर्म पर व्याख्यान करते हुए कहा कि-

### ज्ञान शोधक, तप शोधक

धर्म सत्य है, धर्म हितकर है, धर्म शांतिप्रद है। ज्ञान शोधक है, जो हिताहित का बोध कराता है और तप शोधक है, जो कर्मों को हरा कर शुद्ध करता है। शोध के लिए शोध आवश्यक है। श्रद्धा होना चाहिए, तो सर्वार्थी-बोध होना चाहिए। ज्ञान-विहीन तप निरर्थक है, केवल शून्य ज्ञान भी व्यर्थ है। तप मुक्ति का साधन है, तप सिद्धि एवं समृद्धि के लिए परमोपकारी है। तप से संवर एवं निर्जरा दोनों होते हैं।

### तप सिद्धि का साधन

सिद्धि चाहिए तो तप करो। दूध को तपाने से घृत प्राप्त होता है, देह को तप से तपाने पर आत्म-सिद्धि प्राप्त होती है। तप से ही आत्मसिद्धि प्राप्त हो सकती है। सिद्धि से ही प्रसिद्धि ज्ञान होती है। यदि प्रसिद्धि भी चाहिए तो प्रसिद्धि मत चाहो, तप करो और सिद्धि प्राप्त करो। संयम सिद्धि, राग क्षय, कर्म क्षय, ध्यान सिद्धि एवं आगम आलोचन के लिए तप ही साधन है।

### तपस्वी सर्वत्र वंदनीय

मन और इन्द्रियों के निरोध को और विविध उपवास आदि तपों से शरीर कृश करना तप है। कर्मों के उच्छेद करने के लिए श्रम करना ही तप है। तप को करने वाले तपस्वी कहलाते हैं। ऐसे तप को धारण करने वाले तपस्वी सर्वत्र पूजे जाते हैं। तपस्वी का सम्प्रदाय नहीं होता है, तपस्वी निरव-बंधनीय होता है। जैसे गंगा का नीर सभी की प्यास बुझाता है, वैसे ही तपस्वी साधक जन-जन के हितकारी होते हैं।

### जो गुरु चरणों जड़ें धरें, तहाँ तहाँ तीरथ होय

तप के समान आत्मा का हितकारी दूसरा कोई नहीं है, इसलिए प्रयत्नपूर्वक व्यक्ति को तप करना चाहिए। जैसे अग्नि में तपाने पर स्वर्ण शुद्ध होता है, वैसे ही तपस्या से आत्म-शुद्धि होती है। जिससे परिणाम मंद हो, भाव विशुद्ध हों, ज्ञान निर्मल हो, वही तप है। कर्मों का क्षय करे, वही तप है और तप करने वाले तपस्वी कहलाते हैं। ऐसे तपस्वी जहाँ चरण रखते हैं, वहीं तीरथ बन जाते हैं।

### तप के विविध साधन

बाह्य और अंतरंग दो प्रकार के तप होते हैं, जिससे कर्मों की निर्जरा होती है। अनशन, अवमौदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रस परित्याग, विविक्त शय्यासन एवं काय क्लेश छह बाह्य तप हैं।

# सभी सरकारी स्कूलों में बालिका शौचालय की व्यवस्था जल्द

**बलौदाबाजार।** जिले के सभी शासकीय स्कूलों मे बालिकाओं के लिये पृथक शौचालय की जल्द व्यवस्था होगी जिससे अब कोई भी विद्यालय बालिका शौचालय विहीन नहीं रहेगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक मे विभागीय कार्यो की समीक्षा के दौरान जिन स्कूलों मे बालिका शौचालय की व्यवस्था नहीं है उसकी सूची तैयार कर निर्माण हेतु स्वीकृति के लिये एक सप्ताह मे प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद सीईओ एवं बालिका शौचालय विहीन एवं जर्जर स्थिति वाले शौचालय की सत्यापित सूची प्राप्त किया जाए। जर्जर शौचालय को लोक निर्माण विभाग द्वारा डिसमेन्टल की कार्यवाही की जाएगी। बालिका शौचालय निर्माण हेतु राशि व्हीबी- ज़ीराम ज़ी अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्माण स्वीकृति के 2 से ढाई महीने मे शौचालय निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

# इच्छाओं का निरोध करना ही तप है: संतोष शास्त्री

■ दशलक्षण पर्व के सातवें दिन श्रावकों ने कलुषित आत्मा को पवित्र करने के लिए किया तप



**तालबेहट (विश्व परिवार)।** दशलक्षण महापर्व में सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित तालबेहट के दोनों जैन मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। कसबे के पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पं. संतोष कुमार जैन शास्त्री अमृत एवं वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में बाल ब्रह्मचारिणी मानी दीदी झाँसी के निर्देशन मे अभिषेक-शांतिधारा की क्रियाएँ संपन्न की गयी एवं तप की साधना को अंगीकार किया। संतोष शास्त्री ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा इच्छाओं का निरोध करना तप है। सातवाँ दिन उत्तम तप का होता है। यह हमें 12 प्रकार के बाह्य एवं अंतरंग तप के माध्यम से आत्मशुद्धि का मार्ग दिखाता है। वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित भक्तामर एवं दशलक्षण महामंडल विधान में देवेंद्र कुमार यशपाल जैन, श्रेयांश बबीना, विनय गरेठा, हितेंद्र पवैया, सुरेंद्र विरधा, सिद्ध जैन आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई। रागिनी अरविन्द भंडारी ने मंगल आरती उतारी। दोपहर में तत्वार्थ सूत्र का स्वाध्याय किया। रात्रि में आगम जैन वासु की सुंदर सुर लहरियों के मध्य महाआरती के उपरांत श्रेष्ठी जनों ने आचार्य श्री का चित्र अनावरण कर ज्ञानदीप प्रज्वलित किया। मानी दीदी ने नेमिकुमार-राजुल का प्रसंग सुनाते हुए कहा किये गये पापों का प्रक्षालन और भविष्य में पाप न करने का संकल्प संयम है। जीव दया और नियम पालन के साथ संयम के प्रति अनुराग श्रावक को श्रेष्ठ बनाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एक मिनट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों में अपना हुनर दिखाया। जिसमें सारिका, प्रिया, श्रेजल, हर्षिता. नैंसी, आन्या, आगम, वेद, वत्सल, भाविक, सिद्धम और भव्या को दर्शना अजित जैन विरधा ने पुरस्कार प्रदान किये। कार्यक्रम में सकल दिगंबर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा।

# व्यापारियों के साथ हुए अन्याय के विरोध में नगर निगम मुख्यालय में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर नगर पालिक निगम के द्वारा भाटागांव सब्जी बाजार के उन गरीब व्यापारियों को बलपूर्वक बेदखल कर उनके व्यापार को उजाड़ दिया गया, जो विगत कई वर्षों से, कई तो अपने पूर्वजों के समय से वहां सब्जी का व्यापार कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं।

इस अन्यायपूर्ण और अमानवीय कार्यवाही के विरोध में आज पीड़ित व्यापारी भाइयों, माताओं-बहनों के साथ नगर निगम मुख्यालय में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने किया। उनके साथ पूर्व पार्षद श्री सतनाम पनाग, छाया पार्षद श्री ब्रम्हा सोनकर सहित बड़ी संख्या में व्यापारी परिवार उपस्थित रहे। ये व्यापारी कोई अतिक्रमणकारी नहीं हैं। ये रायपुर के स्थानीय निवासी हैं, जो छोटा-बड़ा व्यापार कर अपने परिवार की रोजी-रोटी चला रहे हैं। नगर निगम का काम व्यवस्थापन देना है, उजाड़ना नहीं।

कल नगर निगम ने उनका आशियाना उजाड़ दिया। आज वे क्या खाएंगे? कल अपने बच्चों का पेट कैसे पालेंगे? इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या नगर निगम सिर्फ बेदखली करेगा या उनके हित की भी सोचेगा?


# इच्छाओं का त्याग ही उत्तम तप धर्म है: मुनि श्रमण सागर जी

■ जैन समाज ने 27 सितंबर को विमानोत्सव का निमंत्रण विधायक जयवर्धन सिंह को दिया



**राघौगढ़ (विश्व परिवार)।** जैन धर्म के पवित्र दस लक्षण महापर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म पर मंगल प्रवचन करते हुए आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के प्रिय शिष्य, औजस्वी वक्ता, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा संसारी प्राणी ईर्ष्या, क्रोध, प्रतिशोध, काम वासना सहित अनेक प्रकार के पापों में जल रहा है।आपने कहा आत्मा से परमात्मा बनने के लिए इस प्रकार तप करना पड़ेगा जैसे नवनीत को तपाने पर घी बनता है। मिट्टी को पकान पर घड़ा बनता है। सीता ने बीस वर्ष तक कठिन तपस्या की तब महासती बनी। मुनिराज ने कहा वर्तमान में चार प्रकार से तपस्या करते हैं पहले वे जो तपस्या जानते ही नहीं है शरीर के पोषण पोषण को ही तपस्या मान रहे हैं। दूसरे वे जो तपस्या तो कर रहे हैं मगर तपस्या का मार्ग सही पता नहीं है। तीसरे जो तपस्या तो कर रहे हैं मगर ध्यान पूर्वक नहीं कर रहे हैं। चौथी प्रकार के बे होते हैं जो जैन दर्शन के अनुसार 6 अंतरंग एवं छह वहिरंग कुल बारह प्रकार के पतों पालन कर आत्म कल्याण करते हैं। इन बारह प्रकार के तपों का पालन कर, सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र सहित केवल ज्ञान प्राप्त कर मोक्ष प्राप्त करते हैं। अपने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के उत्तम तप धर्म पर दिए प्रवचनों का उल्लेख करते हुए कहा शरीर का उपकार करोगे तो आत्मा का उपकार होगा। आत्मा का उपकार करना है तो शरीर का अपकार करना होगा।

# इच्छाओं के स्वामी बनें, गुलाम नहीं, यही सच्चे तप की साधना : मुनि श्री समतासागर जी



**दमोह (कुण्डलपुर) (विश्व परिवार)।** दशलक्षण धर्म की दसदिनी पाठशाला के सातवें दिन उत्तम तप धर्म की व्याख्या करते हुए निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने कहा कि तप केवल शरीर को कष्ट देने का नाम नहीं, बल्कि इच्छाओं पर नियंत्रण और आत्मशुद्धि की साधना है। धूप में पककर फल में मिठास आती है, अग्नि में तपकर मिट्टी का साधारण घट मंगल घट बन जाता है। उसी प्रकार तप की अग्नि में तपकर मनुष्य का जीवन भी परिष्कृत और सार्थक होता है।

कुण्डलपुर में चल रहे इस दसदिनी धार्मिक आयोजन में प्रवक्ता अविनाश जैन 'विद्यावाणी' एवं क्षेत्रीय प्रचारमंत्री जयकुमार जैन 'जलज' ने बताया कि दशलक्षण धर्म के सातवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्तम तप धर्म की आराधना करते हुए उपवास रखा एवं संयम के क्षेत्र में आगे बढ़े। मुनि श्री ने सम्वोधित करते हुये कहा कि तप की शुरुआत संकल्प और साहस से होती है।

शरीर कमजोर हो सकता है, लेकिन मन में दृढ़ संकल्प जाग जाए तो वही शरीर बड़े कार्य कर सकता है। इच्छा-शक्ति का नाम तप है और अपनी इच्छाओं का निरोध करना भी तप है

मुनि श्री ने कहा कि संसार में दो मार्ग हैं-एक साधन-सुविधाओं का और दूसरा साधना का।

साधन सुविधाएं दे सकते हैं, लेकिन शांति और तृप्ति नहीं। वास्तविक शांति व्यक्ति के भावों, संकल्प और संयम से आती है।आज मनुष्य सुविधाएं बढ़ाने में लगा है,लेकिन इच्छाओं का कोई अंत नहीं है। इसलिए जीवन में साधनों के साथ साधना को स्थान देना आवश्यक है।उपवास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अनशन, अवमौदर्य, वृत्ति-परिसंख्यान, रस-परित्याग, विविक्त शय्यासन और काय-क्लेश बहिरंग तप हैं। ये बाहरी रूप से दिखाई देते हैं और शरीर तथा आहार के संयम से जुड़े हैं। दूसरी ओर प्रायश्चित, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग और ध्यान अंतरंग तप हैं। ये व्यक्ति के परिणामों के परिष्कार से जुड़े हैं और सहज रूप से दिखाई नहीं देते।

उन्होंने कहा कि बाहरी तप तभी सार्थक है, जब उसका प्रभाव भीतर दिखाई दे। वस्तुओं का परिमाण सीमित कर लिया, लेकिन इच्छाएं अनंत बनी रहीं तो तप अधूरा है। आचार्यों ने परिग्रह के साथ मूर्छा और इच्छा के नियंत्रण को भी महत्व दिया है। सामग्री की सीमा बनाना अपरिग्रह है, लेकिन इच्छाओं की सीमा बनाना भी उतना ही आवश्यक है। इच्छा-निरोध ही तप की वास्तविक दिशा है।मुनि श्री ने कहा कि उपवास के साथ अवमौदर्य अर्थात आवश्यकता से थोड़ा कम भोजन करना, रस-परित्याग के माध्यम से स्वाद और आसक्ति पर नियंत्रण करना तथा विविक्त शय्यासन के माध्यम से एकांत में चिंतन और आत्मनिरीक्षण करना भी तप की साधना है। उन्होंने कहा कि शरीर और मन दोनों को अनुशासन तथा विश्राम की आवश्यकता होती है। संयमित आहार-विहार जीवन को व्यवस्थित करने में सहायक बनते हैं। मन के नियंत्रण को समझाते हुए मुनि श्री ने कहा कि मन की हर बात मान लेना भी उचित नहीं और मन को दबाना भी समाधान नहीं। आवश्यकता है मन को मांजने की। उन्होंने कहा, रे मन, तेरे मन का तो मैंने कई बार किया, इस बार तुझे मेरे अनुसार काम करना होगा। जब व्यक्ति इच्छाओं का स्वामी बन जाता है तो उसकी चर्या सात्विक, संतुलित और व्यवस्थित हो जाती है।

उन्होंने कहा कि तप केवल साधु-संतों की साधना नहीं है। गृहस्थ भी अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करके तपस्वी जीवन जी सकता है। एक गृहिणी यदि घर के सभी दायित्व समय पर पूरे करते हुए परिवार का ध्यान रखती है और इसके साथ आत्मचिंतन तथा स्वाध्याय के लिए समय निकालती है, सांसारिक आकांक्षाओं, अनावश्यक घूमने-फिरने और फैशन की लालसा से दूर रहकर सात्विक एवं सादा जीवन जीती है, तो आज के समय में यह भी बड़ी साधना है। मुनि श्री ने कहा कि देश-दुनिया के किसी भी कोने में रहकर भी व्यक्ति नियम-संयम के साथ साधना कर सकता है। बाहर की वस्तुओं का परिमाण निर्धारित करते हुए जो व्यक्ति अपनी अंतरंग इच्छाओं पर नियंत्रण रखता है, वह अपनी इच्छाओं का स्वामी होता है, उनका गुलाम नहीं। उन्होंने कहा, जो इच्छाओं का स्वामी होता है, संसार उसके अनुसार चलता है और जो इच्छाओं का दास बन जाता है, वह संसार के अनुसार चलता है।उन्होंने पाठशाला में सहयोग दे रहे साधकों और कार्यकर्ताओं की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी एक व्यक्ति से कोई बड़ा कार्य पूरा नहीं होता। संतों, साधकों और कार्यकर्ताओं की सामूहिक भावना और टीम भावना से ही हजारों श्रद्धालुओं को समय पर धर्मलाभ और सुविधाएं मिल पा रही हैं। प्रत्येक व्यक्ति की योग्यता को पहचानकर उसका उपयोग और उसे प्रोत्साहन देना भी आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### नवरात्रि में मां दंतेश्वरी के दर्शन होंगे आसान, जगदलपुर से चलेगी नि:शुल्क बस



**जगदलपुर।** शारदीय नवरात्रि में मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए दंतेवाड़ा जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत की खबर है। रोटरी क्लब ऑफ जगदलपुर की पहल पर जगदलपुर से दंतेवाड़ा के लिए नि:शुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु बिना यात्रा खर्च के मां दंतेश्वरी के दरबार तक पहुंच सकेंगे। इस संबंध में रोटरी क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने सर्किट हाउस में मंत्री केदार कश्यप से शिष्टाचार मुलाकात कर योजना की जानकारी दी। क्लब अध्यक्ष डॉ. मनोज थॉमस, सचिव अंकित गोयल और उपाध्यक्ष संग्राम सिंह राणा मौजूद रहे। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए दंतेवाड़ा पहुंचते हैं। ऐसे में नि:शुल्क बस सेवा उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाने की दिशा में पहल है। सेवा के शुभारंभ अवसर पर मंत्री केदार कश्यप सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### यूपीआई-एमडीआर के बारे में ग्राहकों और दुकानदारों के लिए आसान जानकारी

**बिलासपुर** - आईये आज हम समझते हैं यूपीआई-एमडीआर के बारे में जिसे 15 अक्टूबर से पहले हमें आसानी से जानना चाहिए । यूपीआई ग्राहक के लिए फ्री रहेगा। एमडीआर, जो दुकानदार द्वारा ग्राहक से कार्ड या डिजिटल पेमेंट स्वीकार करने पर दी जानेवाली फीस है, उसे चुनिंदा यूपीआई ट्रांज़ैक्शन पर लागू किया गया है। अब आगे जानते हैं कि ग्राहकों के लिए इसका क्या मायने हैं - यूपीआई ग्राहकों के लिए फ्री बना रहेगा। यूपीआई के ज़रिए परिवार और दोस्तों को पैसे भेजना पूरी तरह फ्री रहेगा। यूपीआई के ज़रिए किसी भी दुकानदार को कोई भी रकम चुकाना फ्री रहेगा। चाहे आप किसी स्टोर पर खरीदारी कर रहे हों, लोकल मार्केट में पेमेंट कर रहे हों या किसी स्ट्रीट वेंडर के पास क्यू कोड स्कैन कर रहे हों, यह फ्री रहेगा। दुकानदार एमडीआर का खर्च ग्राहकों से नहीं ले सकते। अब जानेगें कि दुकानदारों के लिए इसके क्या मायने हैं - 2,000 रू तक के सभी यूपीआई पेमेंट पर कोई एमडीआर या फीस नहीं होगी, यानी 96 प्रतिशत यूपीआई ट्रांज़ैक्शन फ्री रहेंगे। स्ट्रीट वेंडर, आसपास की छोटी दुकानें और छोटे कारोबार जैसे छोटे दुकानदार, जिन्हें यूपीआई क्यूआर कोड के जरिए अपने बैंक खाते में हर महीने 1 लाख रू तक मिलते हैं, उन्हें एमडीआर पर कोई फीस नहीं देनी होगी। 2,000 रू से ज़्यादा के यूपीआई पेमेंटपर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगेगा । 75,000 रू या उससे ज़्यादा के ट्रांज़ैक्शन पर एमडीआर अधिकतम 300 रू प्रति ट्रांज़ैक्शन होगा। ज़रूरी सेवाओं के लिए एमडीआर कितना लगेगा, आइये इसे समझते हैं । 2,000 रू से कम के पेमेंट पर एमडीआर नहीं लगेगा। ईंधन, शिक्षा, बीमा, रेलवे, टेलीकॉम और बिजली, पानी व पाइपवाली प्राकृतिक गैस जैसी जरूरी सेवाओं के लिए 2,000 रू से ज़्यादा के पेमेंट पर हर ट्रांज़ैक्शन के लिए 5 रू एमडीआर लगेगा।

### क्रोमा के ब्लॉकबस्टर ऑफर्स : अब आईफोन 18 प्रो उपलब्ध है 1,24,900 की शुरुआती कीमत पर

टाटा समूह के एक सदस्य और भारत के अग्रणी ओमनी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, क्रोमा ने आज आईफोन 18 प्रो लाइनअप पर आकर्षक लॉन्च ऑफर्स की घोषणा की है, जिसके साथ एप्पल वॉच और एयरपॉड्स पर भी विशेष बचत का अवसर दिया जा रहा है। देश भर में फैले क्रोमा स्टोर्स, croma.com, टाटा नेउ ऐप और बिग बास्केट पर उपलब्ध इन ऑफर्स के तहत ग्राहक एक्सचेंज बेनिफिट्स और एचडीएफसी टाटा नेउ कार्ड पर 10 प्रतिशत तक की छूट के कॉम्बिनेशन के माध्यम से बड़ी बचत का लाभ उठा सकते हैं।

आईफोन 18 प्रो (256 जीबी) स्टोर्स में 1,24,900 की शुरुआती प्रभावी कीमत पर उपलब्ध। इस ऑफर का लाभ कैसे उठाएं:

*चुनिंदा क्रेडिट कार्ड्स पर 7,000 तक का बैंक कैशबैक प्राप्त करें।

* अपने पुराने आईफोन 14 (128 जीबी) को एक्सचेंज करने पर 24,000 तक की वैल्यू पाएं (डिवाइस की कंडीशन और मॉडल पर निर्भर)।

* 12,000 तक के अतिरिक्त एक्सचेंज बोनस का लाभ उठाएं।

इसी प्रकार, आईफोन 18 प्रो मैक्स (256 जीबी) भी स्टोर्स में 1,39,900 की शुरुआती प्रभावी कीमत पर उपलब्ध है।

# युवा शक्ति ही भारत का भविष्य - सांसद महेश कश्यप

### भाजपा का सेवा संकल्प अभियान, पूर्वी नगर मण्डल द्वारा दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण संपन्न

**जगदलपुर।** भाजपा पूर्वी नगर मण्डल द्वारा आज मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम वृहद पौधारोपण किया गया। जिसमें महाविद्यालय छात्राओं सहित सांसद महेश कश्यप, जनप्रतिनिधि गण एवं भाजपा कार्यकर्ता सहभागी बने।

सांसद महेश कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि देश की युवा शक्ति ही भारत का भविष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र सेवा के सफलतम 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस मौके पर संपूर्ण देश में सेवा संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक निरंतर चलाया जा रहा है। जिसमें आमजनों की सहभागिता के साथ विभिन्न सेवा के कार्य किये जा रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। जिसे



साकार रूप देने सभी का सहयोग आवश्यक है, जिसमें विशेष भूमिका देश की युवा शक्ति की है,जो आगे चलकर भारत की बागडोर संभालेंगे। सांसद महेश कश्यप ने सतत राष्ट्र की सेवा करने युवाओं से आह्वान किया।

महापौर संजय पाण्डेय ने भी अपने संबोधन में महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा और जन सेवा के कार्यों में आगे आने के लिये कहा।

पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, प्राचार्या डा. रंजना साहा, पूर्व विधायक डा सुभाऊ कश्यप, संतोष बाफना, खेम सिंह देवांगन, रजनीश पाणिग्रही,परीस बेसरा, आर्येंद्र सिंह आर्य, सफीरा साहू, सुब्रतो विश्वास, भाजपा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, राजेंद्र बाजपेयी, सुरेश गुप्ता, माहेश्वरी ठाकुर, राजपाल कसेर, राधेश्याम पन्द्रे, मनोज पटेल, दिगम्बर राव, राकेश तिवारी, विक्रम यादव, मीना साहू, गीता नाग, राजा यादव, किरण दीवान, राधा बघेल, योगेश मिश्रा, रितेश सोनी, सुरेश मिश्रा,अजयपाल सिंह, विनय राजू, शंकर राव, अभिषेक तिवारी, आलेखराज तिवारी, अमित कपूर, रमेश नायडू , नीलम यादव , प्रभात चौहान, रेखा सिंह, कमला सेठिया, मीना विश्वकर्मा, देवश्री भंडारी, राजा पांडे, भुवनेश्वर बघेल, अरुणेंद्र शुक्ला,परेश ताटी आदि मौजूद रहे।

## आरापुर में उपेक्षित पड़ी है बस्तर की दूसरी सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा



### आरापुर 25 साल पहले बड़े आरापुर में स्थापित की गई थी यह प्रतिमा

**राजेश दनानी**

**जगदलपुर।** तीसरी सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा जिसकी ऊंचाई करीब 8 फीट है, यह प्रतिमा बारसूर में विराजित है, वहीं बस्तर की दूसरी सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा तोकापाल विकासखंड के ग्राम बड़े आरापुर में है। इस प्रतिमा को सेवानिवृत्ति सेल टैक्स ऑफिसर स्वर्गीय सुखराम कच्छ ने स्थापित करवाया था। साथ ही गणेश प्रतिमा के बगल में 1 हजार 1 सौ किलोग्राम वजनी विशाल त्रिशूल भी स्थापित करवाया है। आरापुर में जलनी माता मंदिर और पुराने शिवालय के मध्य यह प्रतिमा उपेक्षित पड़ी है।

बड़े आरापुर में महाशिवरात्रि के दिन गणेश प्रतिमा को एक चबूतरे पर स्थापित किया गया है। लाल पत्थर में उकेरी गई यह प्रतिमा 7 फीट ऊंची है। बारसूर के गणेश के बाद इसे बस्तर की दूसरी सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा माना जाता है, हालांकि 5 फीट ऊंची गणेश प्रतिमाएं। दंतेवाड़ा, पूर्वी टेमरा में भी है। वंशज पुजारी स्व. सुखराम कच्छ और उनकी धर्मपत्नी पूजारिन राधिका कच्छ के आकस्मिक निधन के बाद यह प्रतिमा पूरी तरह उपेक्षित पड़ी है। के प्रति ग्रामीण भी उदासीन हैं। दो मंदिरों के मध्य स्थित इस आकर्षक प्रतिमा संभागीय मुख्यालय से लगभग 25 किमी दूर पर बड़े आरापुर गांव है। इस गांव में जलनी माता का वर्षों पुराना मंदिर है। मंदिर के पास ही रियासत कालीन शिवालय भी है बड़े आरापुर निवासी स्व. सुखराम कच्छ जो जलनी माता के वंशज पुजारी भी थे। उन्होंने 18 मार्च 2005 को महाशिवरात्रि के अवसर पर इस गणेश प्रतिमा और विशाल त्रिशूल की स्थापना करवाई थी।

**1100 किलो वजनी है त्रिशूल-** गणेश प्रतिमा के ठीक बगल में कच्छ परिवार द्वारा 1100 किलोग्राम वजनी लोहे का विशाल त्रिशूल भी स्थापित करवाया है। बताया गया कि इस त्रिशूल को बाकायदा बिलासपुर में बनवाकर विशेष वाहन से आरापुर लाया गया था। इसे भी 18 मार्च 2005 को महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य समारोह के साथ स्थापित किया गया था। 21 साल पहले बड़े आरापुर में स्थापित की गई है सुंदर गणेश प्रतिमा और विशाल त्रिशूल लोगों को आकर्षित करते हैं, किंतु जानकारी के अभाव में यह सैलानियों से दूर है। इस दिशा में ग्राम पंचायत बड़े आरापुर और जनपद पंचायत तोकापाल भी पूरी तरह से उदासीन है।

## कलेक्टर और एसपी ने बस्तर दशहरा पर्व की तैयारी के तहत प्रमुख स्थलों का लिया जायजा

### सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को नियत समयपूर्व सुनिश्चित करने दिए निर्देश

**जगदलपुर।** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व को भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारियों को सुनिश्चित कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को कलेक्टर श्री आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने संयुक्त रूप से बस्तर दशहरा पर्व से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सिरहासार, काछनगुड़ी, जिया डेरा, माड़िया सराय, निशा जात्रा गुड़ी और दशरा पसरा पहुंचकर वहां की मौजूदा स्थिति, साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात



तथा श्रद्धालुओं व रस्म अदायगी से जुड़े लोगों के ठहरने की सुविधाओं का गहन मुआयना किया। अधिकारियों ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ तय समय-सीमा के पूर्व सभी कार्यों एवं व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, सहायक कलेक्टर श्री यशवंत नायक, अनुविभागीय दंडाधिकारी श्री मनीष वर्मा सहित राजस्व, लोक निर्माण तथा अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी साथ रहे, जिन्होंने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए।

## केनरा रोबेको निवेश बस यात्रा लेकर पहुंची छत्तीसगढ़



**रायपुर:** केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ क्षेत्र में निवेश बस यात्रा शुरू की है। यह कंपनी केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड की निवेश प्रबंधक है, जो भारत का दूसरा सबसे पुराना म्यूचुअल फंड है। इस पहल का मकसद निवेशकों को म्यूचुअल फंड निवेश के बारे में बताना और जागरूकता फैलाना है। इस यात्रा के जरिये राज्य की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया जा रहा है। बस ने रायपुर से अपनी यात्रा शुरू कर दी है और इसके बाद यह भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर और कोरबा जाएगी, इन सभी स्थानों के समुदायों तक वित्तीय शिक्षा पहुंचाएगी। केनरा रोबेको एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश नरूला के अनुसार आज के बदलते वित्तीय माहौल में जानकारी उतनी ही ताकतवर है, जितनी समझ। जो निवेशक जानकार होता है, वह न सिर्फ अपने लिए बेहतर फैसले लेता है, बल्कि एक मजबूत वित्तीय इकोसिस्टम बनाने में भी योगदान देता है। निवेश की जानकारी आसान हो, सबकी पहुंच में हो और उस पर अमल भी हो सके, यही हमारा संकल्प है। उन्होंने आगे कहा, निवेश बस यात्रा का मकसद वित्तीय शिक्षा को सीधे लोगों तक पहुंचाना है। यह यात्रा अब तक 18 राज्यों में जा चुकी है। इनमें केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, असम, महाराष्ट्र, गोवा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर और गुजरात शामिल हैं। अब हम इसे छत्तीसगढ़ लेकर आए हैं, ताकि कई शहरों के लोगों से जुड़ सकें, निवेश की बातें आसान भाषा में समझा सकें, आम गलतफहमियां दूर कर सकें और लंबी अवधि की वित्तीय योजना को बढ़ावा दे सकें। निवेश बस यात्रा राज्य के प्रमुख शहरों में जाकर स्थानीय समुदायों से जुड़ेगी और म्यूचुअल फंड निवेश से जुड़ी जानकारी आसान भाषा में समझाएगी। बातचीत के सत्रों और डिजिटल सामग्री के जरिए यह पहल निवासियों को निवेश की अवधारणाएं समझने और सोच-समझकर वित्तीय फैसले लेने में मदद करेगी।

# नगरनार प्लांट के खिलाफआज 11 पंचायतों के लोग उतरेंगे सड़क पर

### अब प्रभावित ग्राम पंचायतों ने 22 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का किया ऐलान

**जगदलपुर।** नगरनार एनएमडीसी स्टील प्लांट से प्रभावित ग्राम पंचायतों का आक्रोश अब सड़क से सत्ता के दरवाजे तक पहुंच गया है। 18 साल पुराने अधूरे वादों और प्रबंधन की उपेक्षापूर्ण नीति से तंग आकर प्रभावित ग्राम पंचायतों ने 22 सितंबर 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। इसकी सूचना प्रभावित ग्राम पंचायतों ने कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन सौंपकर दी है।

भूमि अधिग्रहण के बाद भी नहीं मिली सुविधाएं

ज्ञापन के अनुसार, वर्ष 2001 में एनएमडीसी द्वारा नगरनार में इस्पात संयंत्र की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया था। इसके बदले प्रभावित ग्राम पंचायतों- नगरनार, आमागुड़ा, कस्तुरी,



माइपाल, करनपुर, उपनपाल, बम्हनी, खुटपदर, चौकावाड़ा और धनपुंजी को विकास और मूलभूत सुविधाओं का वादा किया गया था। लेकिन 18 साल बीत जाने के बाद भी वादे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं।

18 साल का इंतज़ार, अब आंदोलन बनी मजबूरी प्रभावित ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि 6 सितंबर 2026 को प्रबंधन और ग्रामीणों की संयुक्त बैठक हुई थी, जिसमें सभी मांगों का विस्तृत पत्र सौंपा गया था। लेकिन प्रबंधन की 22 एकड़ भूमि पर नहीं बना अस्पताल सबसे बड़ा मुद्दा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का है। वर्ष 2008 में बस्तर की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए संयंत्र के समीप सुपर स्पेशियलिटीक अस्पताल बनाने का वादा किया गया था। इसके लिए प्रशासन द्वारा ग्राम कोपागुड़ा-खुटपदर में लगभग 22 एकड़ भूमि एनएमडीसी को हस्तांतरित

उपेक्षापूर्ण नीति के कारण कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे निवासियों *में गहरा असंतोष है। इसी के चलते 22 सितंबर 2026 से एनएमडीसी के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन हड़ताल और प्रदर्शन किया जाएगा। की गई। लेकिन भूमि मिलने के बाद आज तक अस्पताल की नींव भी नहीं रखी जा सकी। इससे क्षेत्र की जनता में आक्रोश व्याप्त है।

मंत्री केदार और सांसद से की शिकायत....कहा अब आर-पार की लड़ाई

जनप्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप और बस्तर सांसद महेश कश्यप से अपील की है कि वे इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेते हुए एनएमडीसी प्रबंधन को प्रभावित ग्राम पंचायतों की न्यायसंगत मांगों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दें. ताकि आंदोलन की स्थिति उत्पन्न न हो। ज्ञापन पर सभी प्रभावित ग्राम पंचायतों के सरपंचों, पंचों और सदस्यों के हस्ताक्षर हैं, इसका साफ मतलब है कि सभी ने अपनी सहमति दे दी है।

# विधायक भावना बोहरा ने 4.12 करोड़ रुपए के सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**पंडरिया ( विश्व परिवार )।** विधानसभा के ग्रामीण अंचलों में विकास को गति देने और क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा के लिए निरंतर प्रयासरत विधायक भावना बोहरा के द्वारा एक और बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। आज ग्राम करपीकला में विधायक भावना बोहरा ने 2 करोड़ 75 लाख 41 हजार रुपए की लागत से बहुप्रतीक्षित दामापुर-बरेजहा-भरेवापारा-करपी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण से ग्राम दामापुर, बरेजहा, भरेवापारा एवं करपी सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और दैनिक आवश्यकताओं से जुड़े कार्यों के लिए आने-जाने में समय और परेशानी दोनों कम होंगे। इसके साथ ही विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया में 1 करोड़ 37 लाख 54 हजार रुपए की लागत से बनने वाले नवीन विश्राम गृह का भी भूमिपूजन किया। पंडरिया में नवीन विश्राम गृह का निर्माण क्षेत्र में आने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं अन्य आगंतुकों के लिए



आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार भावना बोहरा ने कुल 4 करोड़ 12 लाख 95 हजार रुपए की लागत से होने वाले सड़क व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास में सड़क और अधोसंरचना से जुड़े कार्य हमारी प्राथमिकताओं में हैं। दामापुर-बरेजहा-भरेवापारा-करपी सड़क क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो अब पूरी होने जा रही है। इस सड़क के निर्माण से कई गांवों के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही पंडरिया में नवीन विश्राम गृह का निर्माण क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा संकल्प है कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक बेहतर सड़क, मजबूत अधोसंरचना और आवश्यक सुविधाएं पहुंचें। विकास कार्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे क्षेत्र के लोगों के जीवन को आसान बनाने और गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का माध्यम हैं। पंडरिया विधानसभा में जनआवश्यकताओं के अनुरूप लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनने के बाद से पंडरिया विधानसभा के नगर से लेकर गाँव और वनांचल क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्य अपना आकार ले रहें हैं जनता की बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी हो रहीं हैं और सड़कों का जाल बिछ रहा है जिससे हर व्यक्ति एवं वर्ग लाभान्वित हो रहा है। विकास कार्यों के साथ-साथ जनकल्याण के लिए संचालित योजनाओं का भी लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है। महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, आयुष्मान भारत, पीएम जनमन योजना, लखपति दीदी, डिजिटल और स्टार्टअप इण्डिया अभियान, शौचालय, भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहायता, 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी, तेंदू पत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहन जैसे योजनाओं ने आज किसान, महिला, व्यापारी, युवा हर वर्ग के जीवन को सुगम, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बना रही है।

# गणेश विसर्जनः आयुक्त मरकाम ने दिए विसर्जन कुंड की सफाई के निर्देश

■ गणेश पर्व पर शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त



**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** नगर निगम आयुक्त श्री जी.आर मरकाम आज सुबह गणेश विसर्जन झाकी मार्ग का निरीक्षण कर पेचवर्क पूर्ण करने, झाकी निकलने वाली मार्ग की झाडिया की डंगाली छटनी करने, विसर्जन कुण्ड की सफाई करने के अलावा अन्य आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने शहर की विद्युत व्यवस्था की भी जानकारी ली।

गणेश विसर्जन को देखते हुये नगर निगम आयुक्त श्री मरकाम आज प्रातः मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड का निरीक्षण कर कुण्ड की सफाई करने, कुण्ड में ताजा पानी भरने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि विसर्जन कुण्ड के आस पास साफ सफाई कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करे, इसके अलावा विसर्जन संबंधी अन्य आवश्यक व्यवस्था भी दुरूस्तीकरण के निर्देश दिये। उन्होंने झाकी निकलने वाले मार्ग का निरीक्षण कर कहा कि शहर के सडकों एवं विसर्जन झाकी आने वाले रूट के शेष पेचवर्क पूर्ण करे। उन्होंने गुरूद्वारा चैक से मानव मंदिर चैक, आजाद चैक, भारत माता चैक, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, गंज लाईन का निरीक्षण कर कहा कि झाकी निकलने वाली रूट की खराब सड़को में पेचवर्क करने प्राथमिकता दी जाए, ताकि झाकी निकलने में सुविधा हो।

आयुक्त श्री मरकाम गणेश पर्व एवं विसर्जन को ध्यान में रखते हुये शहर में विद्युत व्यवस्था की जानकारी लेकर कहा कि शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में लगे विद्युत खंभो की बंद लाईट मरम्मत करे तथा विद्युत तार दुरूस्त करे। प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम ने बताया कि निर्देशानुसार नंदई चैक से मोहारा नदी तक डिवाईडर की लाईट रिपेरिंग किया गया, इसी प्रकार जी.ई.रोड की लाईटे मरम्मत की गयी तथा महामाया चैक से डोंगरगांव रोड, फरहद चैक डिवाईडर, खैरागढ़ रोड एवं फ्लाई ओव्हर की लाईट रिपेरिंग की जा रही है तथा शहर के अंदर मुख्य मार्गो की लाईटे मरम्मत की गयी है, झाकी रूट की विद्युत तारे व्यवस्थित की गयी है। इसके अलावा पार्षदों एवं अन्य लोगो की शिकायत पर लाईट तथा विद्युत तार दुरूस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त ने कहा कि बरसात एवं त्योहार को देखते हुये नियमित रूप से शहर के लाईटों की जॉच कर दुरूस्त करे, इसके अलावा किसी भी प्रकार की शिकायतों का त्वरित निराकरण करे।

# सुगम व सुरक्षित यातायात के लिए चंद्रा मौर्या चौक से प्रवेश द्वार हटाया गया



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त सुरुचि सिंह के निर्देश पर शहर में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से निगम की टीम द्वारा प्रवेश द्वार एवं अन्य संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक-01 के जोन आयुक्त डी.के. कोसरिया के नेतृत्व में सहायक राजस्व अधिकारी शशांक शेखर एवं राजस्व टीम द्वारा चंद्रा मौर्या चौक स्थित स्वागत द्वार को हटाने की कार्रवाई की गई।

चंद्रा मौर्या चौक शहर के प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्गों में शामिल है। यहां दिनभर बड़ी संख्या में वाहनों एवं राहगीरों का आवागमन होता है। मौके पर स्थापित स्वागत द्वार की लोहे की संरचना कमजोर होने के कारण इसके सुरक्षित नहीं रहने की स्थिति को देखते हुए निगम की टीम ने इसे हटाया।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि प्रमुख चौक-चौराहों एवं व्यस्त मार्गों पर बड़ी या कमजोर संरचनाएं यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। साथ ही सड़क किनारे अथवा मार्ग के ऊपर लगी प्रचारात्मक संरचनाओं से वाहन चालकों का ध्यान भी विचलित होने की संभावना रहती है। ऐसे स्थानों पर यातायात की सुरक्षा एवं निर्बाध आवागमन को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने की डिजिटल रूप से उपलब्ध ओवरड्राफ्ट सुविधा बॉब पीएएल की शुरुआत

■ ग्राहक अपने निवेश का परिसमापन किए बिना 5 करोड़ रुपए तक की ऋणराशि प्राप्त कर सकते हैं; 1 करोड़ रुपए तक की सीमा के लिए यह सुविधा डिजिटल रूप से भी उपलब्ध है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

**मुंबई ( विश्व परिवार )।** भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने प्रतिभूतियों के एवज में डिजिटल रूप से सक्षम ओवरड्राफ्ट सुविधा बॉब पीएएल (पोर्टफोलियो-समर्थित स्वीकृत लिमिट) की शुरुआत की घोषणा की है जिसके माध्यम से ग्राहक अपने निवेश का नकदीकरण किए बिना, अल्पकालिक व्यक्तिगत या व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए त्वरित और सुविधाजनक धन राशि प्राप्त कर सकेंगे।

बॉब पीएएल के तहत, पात्र ग्राहक इक्विटी शेयरों, म्यूचुअल फंड, बांड, डिबेंचर और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) जैसी प्रतिभूतियों को प्रतिभूति के रूप में गिरवी रख सकते हैं और 1 लाख रुपए से लेकर 5 करोड़ रुपए तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। 1 करोड़ रुपए तक की सीमा के लिए यह सुविधा डिजिटल रूप से भी उपलब्ध है, जहां ग्राहकों को तत्काल मंजूरी प्रदान की जाती है।

बॉब पीएएल ग्राहकों को धन राशि की त्वरित उपलब्धता प्रदान करता है, साथ ही उन्हें अपने निवेश पोर्टफोलियो को जारी रखने और लाभांश और बोनस लाभ इत्यादि का लाभ लेना जारी रखने की सुविधा देता है। इस अवसर पर बात करते हुए, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री संजय मुदालियर ने कहा, धन की उपलब्धता दीर्घकालिक निवेश के परिसमापन की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। बॉब पीएएल ग्राहकों के निवेश को जारी रखने के साथ-साथ, जब उन्हें धन की आवश्यकता होती है तो अपने वित्तीय निवेश के मूल्य को अनलॉक करने में सक्षम बनाता है। एक सरल ओवरड्राफ्ट फ्रेमवर्क और एक बाधारहित डिजिटल जर्नी के साथ, बॉब पीएएल ग्राहकों को सुविधाजनक, सुलभ और डिजिटल वित्तीय समाधान प्रदान करने के प्रति बैंक ऑफ़ बड़ौदा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

# प्रधानमंत्री आवास योजन से देवकंवर के परिवार को मिला पक्के घर का सुख

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद परिवारों को पक्का और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिले के ग्राम कोसमंदा की श्रीमती देवकंवर कन्नौजे भी इस योजना से लाभान्वित होकर अब अपने पक्के घर में सुख-शांति से जीवन व्यतीत कर रही हैं।

देवकंवर कन्नौजे बताती हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से पहले उनका परिवार कच्चे मकान में रहता था। बारिश के दिनों में कच्चे मकान के कारण उन्हें और उनके पति को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। घर की सुरक्षा को लेकर भी हमेशा चिंता बनी रहती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास मिलने और उसका निर्माण पूरा होने के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब वे अपने पति के साथ सुरक्षित और सुविधाजनक पक्के घर में सुखपूर्वक रह रही हैं। पक्का घर



मिलने से उन्हें न केवल बारिश और मौसम की परेशानियों से राहत मिली है, बल्कि परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास भी मिला है।

देवकंवर कन्नौजे भावुक होकर कहती हैं, पहले हमारा कच्चा मकान था, जिससे बारिश के दिनों में बहुत परेशानी होती थी। लेकिन जब से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हमारा पक्का घर बना है, तब से मैं और मेरे पति दोनों बहुत सुख से रहते हैं। पक्का घर मिलने से हमें बहुत राहत मिली है। इसके लिए हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं।

# कभी थी झिझक, आज अपने काम पर है गर्व, मणिकंचन केंद्र ने बदली सरिता की जिंदगी



**बलौदाबाज़ार ( विश्व परिवार )।** यह कहानी एक ऐसे बदलाव की है, जिसने न केवल स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की सोच को बदला है बल्कि सरिता नवरत्न जैसी महिलाओं के जीवन में भी नई उम्मीद, आत्मविश्वास और सम्मान का भाव पैदा किया है।

नगर पालिका परिषद बलौदाबाज़ार में मणि-कंचन केंद्र में स्वच्छता दीदी के रूप में काम करने वाली सरिता को आज अपने काम पर गर्व है। वह कहती हैं कि शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देना उनके लिए सम्मान की बात है। शुरुआत में इस काम को लेकर उन्हें थोड़ी झिझक होती थी, लेकिन धीरे-धीरे जब उन्होंने कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को समझा, तो उनके मन में अपने काम के प्रति सम्मान और गर्व बढ़ता गया। सरिता के लिए अब यह महज रोज़गार नहीं, बल्कि शहर को स्वच्छ और बेहतर बनाने में अपनी भागीदारी निभाने का माध्यम है। उनका कहना है कि आज उन्हें अपने काम पर गर्व महसूस होता है और यही भावना उन्हें हर दिन पूरे समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा देती है। मणि-कंचन केंद्र में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती हैं। यहां जैविक कचरे से खाद तैयार की जाती है, जबकि अजैविक कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर उसके उचित निपटारे की प्रक्रिया अपनाई जाती है।

# पीएम का 25 वर्षों का नेतृत्व वैश्विक प्रतिष्ठा, सुदृढ़ सुरक्षा का प्रतीक : प्रबलप्रताप सिंह जूदेव

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबलप्रताप सिंह जूदेव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिवस और बतौर 'हेड ऑफ गवर्नमेंट' सुशासन, सेवा और सांस्कृतिक गौरव के 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है। श्री जूदेव ने भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' को राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का जनांदोलन बताया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जूदेव ने कहा कि पिछले ढाई दशकों में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि एक दृढ़ इच्छाशक्ति वाला नेतृत्व कैसे देश की तकदीर और तस्वीर बदल सकता है! मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात को विकास का मॉडल बनाने से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में भारत को विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने तक का उनका सफर अभूतपूर्व है। आज वैश्विक मंचों पर भारत का स्वाभिमान और प्रतिष्ठा नई ऊँचाइयों पर है। देश की सीमाएँ पूरी तरह सुरक्षित हैं और आतंकवाद व अलगाववाद पर निर्णायक प्रहार हुआ है।

# वंदना ऑटो में बजाज पल्सर N160S और N160SS की भव्य लॉन्चिंग

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शहर के प्रमुख बजाज डीलर वंदना ऑटो, आश्रम चौक, जी.ई. रोड में बजाज पल्सर की दो शानदार 160 सीसी बाइक्स Pulsar N160S और Pulsar N160SS की भव्य लॉन्चिंग की गई।

लॉन्चिंग कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों में नई बाइक्स को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। लॉन्चिंग के दिन ही 10 बाइक्स की बुकिंग हुई और 10 बाइक्स की बिक्री दर्ज की गई।

नई Pulsar N160S और N160SS को आकर्षक डिजाइन और दमदार परफॉर्मेंस के साथ पेश किया गया है। इनका एक्स-शोरूम मूल्य 1,46,172 रुपए बताया गया। दोनों मॉडल तीन आकर्षक रंगों में उपलब्ध हैं।

पल्सर N160S और N160SS की




लॉन्चिंग के साथ ही कार्यक्रम में बजाज चेतक के नए मॉडल भी लॉन्च किए गए। इससे ग्राहकों को बजाज के नए दोपहिया वाहनों की रेंज देखने और खरीदने का अवसर मिला। वंदना ऑटो में आयोजित इस लॉन्चिंग कार्यक्रम को ग्राहकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली और नई पल्सर बाइक्स को लेकर युवाओं में खासा उत्साह नजर आया।

# सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को भारत सरकार द्वारा प्रथम राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सतर्कता जागरूकता माह के दौरान तात्कालिक आशु भाषण प्रतियोगिता आयोजित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा फाफाडीह चौक स्थित



बैंक के प्रशिक्षण केन्द्र में रायपुर स्थित सभी स्टाफ सदस्यों के मध्य सतर्कता जागरूकता माह के दौरान सतर्कता जागरूकता संबंधी तात्कालिक आशु भाषण प्रतियोगता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रायपुर स्थित समस्त कार्यालयों के स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. इस प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता क्रमशः श्री रंजीत सूर्यवंशी, श्री विष्णु तिवारी व श्री बैजनाथ साहू रहे।

रायपुर अंचल के सतर्कता अधिकारी श्री नरेन्द्र मंगल के नेतृत्व व समन्वय में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य प्रबंधक श्री देवेश वर्मा द्वारा इस कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर द्वारा 'हिन्दी पखवाड़ा' के अंतर्गत एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय मानक ब्यूरो के रायपुर शाखा कार्यालय द्वारा 'हिन्दी पखवाड़ा 2026' के उपलक्ष्य में आज, 22 सितंबर 2026 को कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला सह विविध प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अनुरीता जोजो, वैज्ञानिक ई एवं प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो, रायपुर शाखा कार्यालय ने की। उन्होंने अपने संबोधन में दैनिक कार्यालयी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के अधिकाधिक, सहज और प्रभावी उपयोग पर बल दिया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कर्मचारी भविष्य निधि



संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर से वरिष्ठ हिन्दी अनुवाद अधिकारी श्री प्रवीण कुमार सोनी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को सरल, सुगम और व्यावहारिक बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियाँ एवं बहुमूल्य मार्गदर्शन साझा किया।

कार्यशाला के साथ-साथ कार्यालयीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें: -

■ स्वरचित हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता
■ स्लोगन लेखन प्रतियोगिता
■ हिन्दी निबंध प्रतियोगिता
■ श्रुतलेख प्रतियोगिता एवं राजभाषा नियम एवं ज्ञान प्रतियोगिता।

इन प्रतियोगिताओं में शाखा कार्यालय के लगभग 15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का कुशल एवं सफल मंच संचालन श्री स्मिथ कुमार, निजी सचिव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की गई तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सेवा मेरा योगदान उत्सव से गूंजेगा स्वच्छता और सेवा का संदेश

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र में जन प्रतिनिधियों एवं नागरिकों की सहभागिता के साथ सेवा मेरा योगदान उत्सव का व्यापक आयोजन किया जाएगा।यह उत्सव 23 से 25 सितंबर तथा 02 से 08 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। उत्सव का उद्देश्य सेवा, स्वच्छता, जनभागीदारी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित करना है।सेवा मेरा योगदान उत्सव के तहत शहरभर में होंगे सेवा और स्वच्छता के विविध आयोजन उत्सव के दौरान नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, बाजारों, प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं निगम के अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता से श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# देवेन्द्र नगर में श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए विधायक पुरन्दर मिश्रा

■ परम पूज्य इंद्रेश जी महाराज के मुखारविंद से श्रवण किया कथा का दिव्य रस

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के देवेन्द्र नगर में भाजपा जिला महामंत्री श्री गुंजन प्रजापति जी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक श्री मिश्रा ने परम पूज्य इंद्रेश जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा के दिव्य प्रसंगों का श्रवण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्रीमद् भागवत कथा के आध्यात्मिक वातावरण में श्रद्धालुओं के साथ कथा का श्रवण करते हुए विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की तथा क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि श्रीमद्



भागवत कथा भारतीय सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा का दिव्य स्वरूप है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं उनके जीवन संदेश का श्रवण मनुष्य को धर्म, सत्य, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है।

उन्होंने आयोजन के लिए भाजपा जिला महामंत्री श्री गुंजन प्रजापति जी एवं समस्त आयोजक मंडल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा सभी पर बनी रहे और प्रत्येक परिवार में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली का वास हो।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 23 सितम्बर 2026



## नशामुक्त भारत अभियान के तहत निकली रैली

**कोरबा।** नशामुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत जिले में नशे के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण निर्मित करने एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत कटघोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मुढाली में नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। रैली में लोगों को नशे के व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों को मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए संकल्प एवं शपथ भी दिलाई गई।

# रायपुर संभाग के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों और मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ कांग्रेस द्वारा रायपुर संभाग के ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों एवं जिला मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण शिविर सफ्लता पूर्वक संपन्न हुआ। समापन अवसर पर सभी ब्लाक अध्यक्षों एवं मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

रायपुर संभाग के ब्लॉक अध्यक्षों और जिलों के मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण की शुरुआत ध्वजारोहण और योगा से हुई। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने पेपर लीक, सरकार के खिलाफ छात्रों के आक्रोश विषय चर्चा की तथा देश के युवाओं में वर्तमान केन्द्र सरकार की नाराजगी को विस्तार में समझाया। सौरभ बाजपेयी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन, उत्थान एवं देश के विकास में योगदान पर व्याख्यान दिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने प्रशिक्षार्थियों से उनके सक्रिय योगदान, सहभागिता, अनुभव और सुझाव को संगठन के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। 2028 में छत्तीसगढ़ में और 2029 में देश में कांग्रेस की सरकार बनाने संकल्पित है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस के सभी 307 ब्लॉक अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा हो गया। बस्तर संभाग से हमारा कार्यक्रम शुरू हुआ और आज राजधानी रायपुर में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में हमने ब्लॉक अध्यक्ष के अलावा हर जिले से 2 मास्टर ट्रेनरों को भी शामिल किया। हमारा प्रशिक्षण सभी संभागों में तीन दिवसीय आवासीय रहा। इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए मैं, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, डॉ. शिव कुमार डहरिया, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, वरिष्ठ नेताओं, प्रशिक्षकों, सभी जिला अध्यक्षों, प्रशिक्षण की टीम को धन्यवाद देता हूं। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने आभार प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षण शिविर में पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश तिवारी, कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, युगल पांडेय महामंत्री दीपक मिश्रा, विधायक संदीप साहू, विधायक चातुरी नन्द, द्वारिकाधीश यादव, अंबिका मरकाम, महेंद्र बहादुर सिंह, हर्षद मेहता, कुलदीप जुनेजा, लेखराम साहू, डॉ लक्ष्मी ध्रुव, जनक राम वर्मा, चंद्र प्रताप देव, मणि वैष्णव, अशोक चतुर्वेदी, केशव बंटी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की बैठक अटल नगर में हुई

- इलेक्ट्रिक व्हीकल हेतु ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और मण्डल के भवनों में फायर सेफ्टी हेतु ऑडिट को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की 87वीं मंडल सम्मिलन बैठक माननीय अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंडल की आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, राजस्व संबंधी प्रावधानों तथा भवनों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मंडल अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव ने बताया कि बैठक में पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मंडल के स्वामित्व वाली चिन्हित भूमियों पर इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अंतर्गत चार्जिंग स्टेशनों के डिजाइन, वित्त पोषण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, संचालन एवं रखरखाव के लिए लाइसेंस फीस मॉडल के तहत एजेंसी को भूमि उपयोग का अधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया को मंजूरी दी गई है।

इस पहल से मंडल की विभिन्न योजनाओं एवं प्रमुख क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में मदद मिलेगी तथा प्रदेश में बढ़ते ईवी परिवहन को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि बैठक में मंडल की बहुमंजिला आवासीय एवं वाणिज्यिक भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की नियमित जांच, निर्धारित मानकों का अनुपालन तथा फायर एन.ओ.सी प्राप्त करने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए फायर सेफ्टी ऑडिट कराने की स्वीकृति प्रदान की गई।

# कुशल और सक्षम युवा शक्ति ही विकसित भारत की मजबूत आधारशिला: गजेन्द्र यादव

- आईसीएमएआई के 11 दिवसीय एडवांस स्कील ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन, प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान किए प्रमाण-पत्र



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) द्वारा बीआईटी कॉलेज दुर्ग में आयोजित 11 दिवसीय एडवांस स्कील ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुभवों, सीख और भविष्य की योजनाओं के संबंध में चर्चा की तथा उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि युवाओं के कौशल, ज्ञान और व्यावसायिक क्षमता को निखारने की दिशा में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है। वर्तमान समय में कार्यक्षेत्र तेजी से बदल रहा है और नई तकनीकों के साथ नई संभावनाएं भी सामने आ रही हैं। ऐसे में युवाओं के लिए जरूरी है कि वे अपने शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल और प्रोफेशनल दक्षताओं को भी लगातार विकसित करें।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि एडवांस स्कील ट्रेनिंग प्रोग्राम जैसे प्रशिक्षण युवाओं को अपने ज्ञान को व्यवहारिक रूप से उपयोग करने, कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं को समझने और अपनी क्षमताओं को और बेहतर बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने करियर की नई संभावनाओं को लेकर अधिक सजग एवं सक्षम बनते हैं।

# स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ रेलगाड़ी व स्वच्छ सार्वजनिक स्थल विषय पर चला विशेष स्वच्छता अभियान

- 21 व 22 सितम्बर को रायपुर रेल मंडल में स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ रेलगाड़ी एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल अभियान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 21 एवं 22 सितम्बर को स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ रेलगाड़ी एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल विषय पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान स्टेशनों, ट्रेनों एवं रेलवे परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### प्रमुख स्टेशनों पर विशेष स्वच्छता अभियान

प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सफाई कार्य में उपयोग होने वाली क्लीनिंग मशीनों, उपकरणों एवं संयंत्रों की उपलब्धता तथा कार्यशीलता की जांच की जा रही है। सफाई कर्मचारियों को आवश्यक पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (PPE) उपलब्ध कराने तथा उनके उचित उपयोग पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### अन्य स्टेशनों पर भी व्यापक सफाई

प्रमुख स्टेशनों के अलावा अन्य स्टेशनों पर भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्टेशनों पर गीले एवं सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। यात्रियों एवं आमजन को कचरा निर्धारित डस्टबिन में डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है तथा प्लास्टिक-मुक्त प्लेटफॉर्म के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### स्वच्छ रेलगाड़ी - ट्रेनों की गहन जांच

अभियान के अंतर्गत चिन्हित एवं विशेष ट्रेनों का अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों की टीम द्वारा गहन निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान ट्रेनों के शौचालयों, कोच के अंदर एवं बाहर की स्वच्छता, लिनेन की गुणवत्ता तथा ह्क्का।ऽ ट्रेनों में पेंट्री कार की स्वच्छता की विशेष रूप से जांच की जा रही है।

# कांग्रेस अपनी अंतर्कलह और गुटबाजी को दूसरों पर मढ़ने की कोशिश न करे : संतोष पाण्डेय



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोला है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस अपनी आपसी कलह और गुटबाजी को दूसरों के सिर मढ़ने की कोशिश कर रही है।

भाजपा सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि असम में जो भी घटनाक्रम हुआ, वह कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी का नतीजा है। वीडियो फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि वहाँ कांग्रेस (पंजा छाप) के झण्डे लगे हुए थे और पार्टी कार्यकर्ता ही आपस में उलझ रहे थे। श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार चुनाव के समय भी एयरपोर्ट पर ऐसी ही हाथापाई और झूमाझटकी हुई थी। भूपेश बघेल जहाँ भी जाते हैं, वहाँ बण्टाधार ही होता है। असम में कांग्रेस चुनाव हारने जा रही है, इसलिए अपनी विफ्लता छिपाने के लिए अनर्गल बयानबाजी की जा रही है। श्री पाण्डेय ने कहा कि कानून-व्यवस्था पर भूपेश बघेल को बोलने का अधिकार नहीं है। असम में हिमंता बिस्वा सरमा की गुड गवर्नेंस की सरकार है।

### बस्तर की स्थिति पर पूर्व सरकार को घेरा

भाजपा सांसद श्री पाण्डेय ने प्रदेश की पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि भूपेश बघेल के शासन में बीजापुर, सुकमा, दन्तेवाड़ा और नारायणपुर जैसे क्षेत्रों में शाम के समय लोगों का निकलना दूभर था। भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रचारकों को अंदरूनी क्षेत्रों में जाने तक नहीं दिया जाता था। जबकि आज स्थिति यह है कि लोग बस्तर के अंतिम गाँव, मानपुर-मोहला और लछना-कटेमम तक बिना किसी भय के आ-जा सकते हैं।

# स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद का संदेश, मैट्स युनिवर्सिटी में लगा स्वास्थ्य शिविर




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आयुर्वेद दिवस के अवसर पर स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद थीम के तहत MATS University, पंडरी में योग विभाग द्वारा आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। योग हॉल में आयोजित शिविर में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।

कार्यक्रम में डायरेक्टर जनरल प्रीयेश पगारिया, कुलपति डॉ. के. पी. यादव एवं कुलसचिव गोकुलानंद पंडा ने विश्वविद्यालय परिवार को आयुर्वेद दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, योग और आयुर्वेद को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय, रायपुर की विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम ने सेवाएं दीं। टीम में डॉ. सी. ए. घाटगे, डॉ. योगेश पाण्डेय, डॉ. सरोज आहुजा, शिविर प्रभारी डॉ. संगीता यदु एवं डॉ. गितेश पटेल सहित अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे। स्नातकोत्तर एवं इंटर्नशिप स्तर के विद्यार्थियों ने भी शिविर में सहयोग किया।

इन रोगों की हुई जांच- चिकित्सकों ने महिला स्वास्थ्य, लीवर एवं किडनी संबंधी समस्याओं, हड्डी एवं जोड़ संबंधी परेशानी, त्वचा रोग, मोटापा एवं वजन प्रबंधन सहित विभिन्न जीवनशैली संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की। प्रतिभागियों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आहार-विहार, दिनचर्या और स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में व्यक्तिगत सुझाव दिए गए।

शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं वजन की जांच की सुविधा भी उपलब्ध रही। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद आवश्यकता के अनुसार प्रतिभागियों को नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधियां भी प्रदान की गईं।

# हिमांशु गुप्ता, डीजी जेल के कर कमलों से केंद्रीय जेल दुर्ग में खुली जेल का शुभारंभ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 22 सिंतबर 2026 को श्री हिमांशु गुप्ता, डीजी जेल के कर कमलों से केंद्रीय जेल, दुर्ग में खुली जेल (ओपन करेक्शनल इंस्टीट्यूशन -ओ.सी.आई.) का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर श्री मनीष संभाकर (जेल अधीक्षक) एवं जेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी और कैदी उपस्थित रहे।

यह एक यूनीक कांसेप्ट है। छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार इस प्रकार की ओपन जेल प्रारंभ की गई है। दुर्ग जेल में उपलब्ध अधोसंरचना का उपयोग करते हुए ओपन जेल खोला गया है।

इस ओपन जेल में 30 बंदी रहेंगे। ये बंदी सुबह विभिन्न कार्य करने के लिए जेल के बाहर निकलेंगे तथा शाम को कार्य पूर्ण कर लॉकअप होने के पूर्व जेल में वापस आ जाएंगे। दिनांक 21.09.2026 को इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचना जारी की गई है।

# वीनस मशीनरी दे रही है कृषि से निर्माण तक उपयोगी मशीनों का विस्तृत समाधान




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कृषि कार्यों से लेकर निर्माण, सिंचाई, उद्योग एवं ग्रामीण क्षेत्र की जरूरतों के लिए उपयोगी मशीनों की विस्तृत रेंज वीनस मशीनरी में उपलब्ध है। संस्था की ओर से किसानों, ग्रामीणों, व्यवसायियों और निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की मशीनें उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रतिष्ठान का उद्देश्य आधुनिक मशीनों के माध्यम से श्रम और समय की बचत के साथ कार्यक्षमता बढ़ाने में सहयोग करना है।

उपरोक्त जानकारी वीनस मशीनरी के संचालक चित्रकान्त बघेल ने दी. यह प्रतिष्ठान एफ-1, महिंद्रा शोरूम के बाजू में, मेनरोड, देवपुरी, रायपुर में स्थित है। उन्होने बताया कि संस्थान में पावर वीडर, फीडर मशीन, चाफ कटर, आटा चक्की, ट्रॉली, कंक्रीट मिक्सर, वाटर टैंकर, बैटरी स्प्रेयर और स्प्रेयर सहित विभिन्न उपकरण उपलब्ध हैं। कृषि कार्यों के लिए उपयोगी मशीनों के साथ निर्माण एवं औद्योगिक कार्यों से संबंधित उपकरण भी यहां मिलते हैं। मशीनों की यह रेंज खेती-किसानी, ग्रामीण क्षेत्र और छोटे-बड़े व्यवसायों की अलग-अलग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

प्रतिष्ठान में उपलब्ध मशीनों का उपयोग निर्माण कार्य, कृषि कार्य, ग्रामीण क्षेत्र, उद्योग एवं प्रोसेसिंग तथा सिंचाई एवं बागवानी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जा सकता है। किसानों के लिए उपयोगी उपकरणों के साथ-साथ निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाले कंक्रीट मिक्सर, सामग्री ढुलाई के लिए ट्रॉली, पानी से जुड़े कार्यों के लिए टैंकर तथा छिड़काव के लिए स्प्रेयर जैसे उपकरण भी उपलब्ध हैं।

बघेल ने आगे जानकारी में बताया कि आधुनिक कृषि उपकरण खेती के विभिन्न कार्यों को अधिक सुविधाजनक बनाने में मदद करते हैं। वहीं निर्माण एवं औद्योगिक क्षेत्र के लिए उपयुक्त मशीनें कार्यों को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने में उपयोगी साबित हो सकती हैं।

# एनएमडीसी बचेली ने ग्रामीण विकास और सांस्कृतिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया




**बचेली ( विश्व परिवार )।** एनएमडीसी, बचेली के सीएसआर विभाग द्वारा बचेली परियोजना के आसपास के ग्रामों के समग्र विकास एवं स्थानीय सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस पहल के तहत 22 सितंबर 2026 को 12 ग्राम पंचायतों को टेंट सामग्री, एलईडी टीवी एवं साउंड सिस्टम वितरित किए गए।

यह पहल 12 ग्राम पंचायतों के सरपंचों के अनुरोध पर की गई। सरपंचों ने बताया था कि ग्रामों में विभिन्न सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं, लेकिन आवश्यक संसाधनों एवं उपकरणों की सीमित उपलब्धता के कारण आयोजनों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उपलब्ध कराई गई सामग्री से ग्राम पंचायतों को सामुदायिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों के बेहतर आयोजन में सुविधा मिलेगी।

एलईडी टीवी के माध्यम से डिजिटल शिक्षा कार्यक्रमों एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण समुदाय तक पहुंचाने में भी सहायता मिलेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल जागरूकता एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में योगदान मिलेगा।

कार्यक्रम में श्री महेश नायर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एनएमडीसी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती के. लक्ष्मी नागवेणी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन); श्री जोसी थॉमस, उप महाप्रबंधक (सीएसआर) ; श्री एस. आर. डेहरिया, उप महाप्रबंधक (सिविल) तथा श्री सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भी उपस्थित रहे।

यह पहल एनएमडीसी की अपने परिचालन क्षेत्रों के आसपास समावेशी ग्रामीण विकास, डिजिटल सशक्तिकरण तथा स्थानीय संस्कृति एवं सामुदायिक परंपराओं के संरक्षण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354